

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 194 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, शनिवार 21 मई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर
नपा उपाध्यक्ष चंद्राकर ने पकड़ी सीएमओ द्वारा डीजल चोरी

मैत्री नगर, सुन्दर नगर हनुमान मन्दिर में चोरी होना दुर्भाग्य जनक
पेज -4 पर


## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने कंजेनाइटल हार्ट डिसीज से ग्रसित बच्चियों के त्वरित इलाज के दिये निर्देश



**नारायणपुर।** विधानसभा के ग्राम मर्दापाल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने गम्भीर हृदय रोग से जूझ रही मुस्कान बघेल और स्वीटी से मुलाकात की। 9 वर्षीय बालिका स्वीटी की माता श्रीमती केवली ने मुख्यमंत्री का बताया कि स्वीटी गम्भीर हृदय रोग से पीड़ित है। वहीं 8 वर्षीय बालिका मुस्कान बघेल की माता ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी बच्ची को भी हृदय की बीमारी है । दोनों बच्चियां कंजेनाइटल हार्ट डिसीज से जूझ रही हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बच्चियों की तकलीफ सुनकर तुरन्त उनके बेहतर से बेहतर इलाज के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने बच्चियों की माताओं को खूबचन्द बघेल योजना और विशेष स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के बारे में भी जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि चिरायु कार्यक्रम के तहत दूरस्थ क्षेत्रों के आंगनवाड़ी केंद्र और स्कूलों में बच्चों की गम्भीर बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य सम्बंधित दिक्कतों के निदान के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्क्रीनिंग की जा रही है ताकि ग्रामीण बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें।

# तपती दोपहरी में मनरेगा धरना स्थल पर गूंज रहा है- रुक जाना नहीं...तू कहीं हार के

रायपुर। रुक जाना नहीं तू कहीं हार के कांटों पे चलके मिलेंगे साए बहार के...। छत्तीसगढ़ के मनरेगा कर्मियों के लिए ये गाना हौसला बढ़ाने वाला गाना बन चुका है।




रायपुर में बीते 1 महीने से ये कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हैं। 40 से 42 डिग्री की गर्मी हर रोज पड़ रही है। तपती दुपहरी में अब सिंगर किशोर कुमार के नगमे इनका सहारा बने हुए हैं।

मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रवक्ता नरोत्तम कुंजाम ने बताया कि हमारी सुध लेने प्रशासन का कोई भी व्यक्ति नहीं पहुंच रहा है। हम गीतों के जरिए एक दूसरे का हौसला बढ़ा रहे हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत लगभग 15000 मनरेगा कर्मचारी काम कर रहे हैं। हम अपने नियमितिकरण से जुड़ी मांग को लेकर 4 अप्रैल से काम बंद कर हड़ताल पर बैठे हैं।

### ये है समस्या

मनरेगा कर्मियों का दावा है कि छ.ग. में 3000 से अधिक मनरेगा कर्मचारियों की सेवा समाप्ति की गई है। दूसरे प्रदेशों जैसे बिहार , मध्यप्रदेश , उत्तराखण्ड , उड़ीसा , हिमांचल प्रदेश में मनरेगा के कर्मचारियों के नियमितिकरण सहित अगल - अलग फायदेमंद नीतियां हैं।

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ का 2 सूत्रीय मांग के साथ आंदोलन कर रहा है।

1. कांग्रेस के चुनावी जन घोषणा पत्र के मुताबिक समस्त मनरेगा कर्मियों का नियमितीकरण किया जाए।
2. नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक ग्राम रोजगार सहायकों का वेतनमान निर्धारण करते मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमों के तहत काम लिया जाए।

भेंट-मुलाकात- मुख्यमंत्री ने भानपुरी को दी अनेक सौगातें

# करन्दोला भानपुरी में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खुलेगा

## करन्दोला के नवनिर्मित मिनी स्टेडियम में फ्लड लाईट की व्यवस्था होगी

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात अभियान के तहत नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के भानपुरी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां आम जनता से बातचीत कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और ग्रामीणों की मांग पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।



उन्होंने ग्राम करन्दोला भानपुरी में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खोलने, ग्राम करन्दोला के नवनिर्मित मिनी स्टेडियम में फ्लड लाईट की व्यवस्था, बस्तर विकासखण्ड के ग्राम चपका में नवीन उद्यानिकी महाविद्यालय खोलने, तथा ग्राम सुधापाल में जल आवर्धन योजना, ग्राम मंजुला, सम्राट ढाबा नेशनल हाईवे 30 से ग्राम देवड़ा चकाडीही पारा तक सड़क के डामरीकरण की स्वीकृति की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बस्तर बदल रहा है, पहले जैसी स्थिति नहीं है। हम चाहते अन्नदाता के चेहरे में खुशहाली आए जंगल में रहने वाले वनवासियों के चेहरे पर खुशी आए, इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री के भानुपरी पहुंचने पर आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने महुआ की माला पहना कर और पागा बांधकर उनका स्वागत किया। ग्राम कुम्हली, नंदपुरा और चपका के हस्तशिल्पकारों ने मुख्यमंत्री को बेलमेटल से बनी नंदी मुख्यमंत्री को भेंट की। इन्द्रावती महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने इमली चपाती, मुरमूरा आदि से भरी टोंकरी भेंट की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा, लोकसभा सांसद श्री दीपक बैज, बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लखेश्वर बघेल, स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री चन्दन कश्यप, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री एम.आर. निषाद, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन और मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान नेत्रहीन मुन्नी सिन्हा का नि:शुल्क इलाज कराने और एक लाख रुपए की सहायता प्रदान करने की भी घोषणा की। भानपुरी करंदोला निवासी श्री सोनसाय ने बताया कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में उनका पंजीयन हुआ है। मुख्यमंत्री ने सोनसाय को बताया कि पहले योजना में भूमिहीन मजदूरों को सालाना 6000 रुपये देने का प्रावधान किया गया था। पर सांसद राहुल गांधी ने इसे बढ़ाने कहा था और अब हमारी सरकार इस योजना में 7000 रुपये सालाना देगी। इतना सुनकर सभी उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



# बस्तर के विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात में युवती ने लगाई छलांग

### गोताखोर तलाश रहे, सुरक्षा में चूक से पर्यटक नाराज

बस्तर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात में शुक्रवार दोपहर एक युवती ने छलांग लगा दी। युवती के आत्महत्या करने के दौरान पूरी घटना को पास मौजूद एक पर्यटक ने अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया है। कुछ ही देर में यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल होने लगा। जलप्रतात में छलांग लगाने वाली युवती कहां की है।



उन्होंने छलांग क्यों लगाई इसका पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलते ही जलप्रपात में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं गोताखोरों द्वारा पिछले 5 घंटे से युवती की तलाश की जा रही है।

लोहंडीगुड़ा एसडीओपी पंकज ठाकुर ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल और गोताखोरों की टीम पहुंची है। युवती की तलाश की जा रही है, लेकिन अभी तक उसकी बरामदगी नहीं हो पाई है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना के संबंध में बताया कि जलप्रपात में गर्मी की वजह से भीड़ कम थी, तभी अचानक एक युवती घूमते-घूमते जलप्रपात के करीब पहुंच गई। अमूमन कई पर्यटक सेल्फी लेने पानी के करीब पहुंच जाते हैं। लोगों ने युवती को सेल्फी लेने पास जाना समझ लिया। जलधारा के पास युवती के पहुंचने पर लोगों ने आवाज दी, जिसके बाद युवती ने छलांग लगा दी।

### सुरक्षा के लिए खास इंतजाम नहीं

दिनदहाड़े एक युवती के जलप्रपात में छलांग लगा देने पर सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पर्यटकों ने इस घटना के लिए पुलिस व प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं ग्राम विकास समिति के लोग भी वहां तैनात रहते हैं, लेकिन घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था। पर्यटन क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही से बस्तर की ख्याति भी धूमिल हो रही है। पर्यटकों का कहना है कि जलप्रपात में पानी के नजदीक जाने से रोकने के लिए कुछ कटिले तार लगाए गए हैं, जो काफी नहीं हैं। पुलिस विभाग को सुरक्षा बल तैनात किया जाना चाहिए, जिससे कि किसी भी व्यक्ति द्वारा इस तरह के कदम उठाए जाने पर उन्हें रोका जा सके। आज अगर पुलिस बल तैनात रहती तो शायद उस युवती को बचा लिया जाता।

# 10 साल के बच्चे की मौतसड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार, मां सहित 3 की हालत गंभीर, भिलाई रेफर किया गया

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। जबकि उसकी मां सहित 3 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से कार के घुसने के चलते हुआ है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें भिलाई रेफर कर दिया गया है। हादसा डौंडी थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, बीटाल गांव निवासी परिवार एक शादी में शामिल होने के बाद देर रात करीब 1 बजे कार से घर लौट रहा था। अभी वे मनकुंवर चौक के पास पहुंचे ही थे कि सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार कार जा घुसी। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया।



पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला और दल्ली राजहरा शहीद अस्पताल में पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने विकास कोरेटी (10) पिता संकुर कोरेटी को मृत घोषित कर दिया। जबकि मां सहित 3 लोगों की हालत गंभीर देख उन्हें रेफर किया गया है। कार में 5 लोग सवार थे। एक अन्य को भी चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि संकुर कोरेटी CRPF में जवान है। वह अभी ड्यूटी पर बाहर हैं। उनका ही परिवार कार में था।

# नक्सलगढ़ के लाल ने राष्ट्रीय मल्लखंभ में लहराया परचम

### इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम, पिता को नक्सलियों ने गांव से भगाया था


**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ के लाल 12 वर्षीय राकेश वर्दा आज पहचान का मोहताज नहीं है। इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड में नाम शामिल हो गया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपनी उपलब्धि को शामिल करने आवेदन दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। नक्सलगढ़ में पले-बढ़े राकेश को 4 साल पहले अपने पिता के साथ ओरछा गांव छोड़ना पड़ा था। राकेश की खेलों के प्रति बढ़ती रुचि नक्सलियों के आंखों में खटक गई थी। माओवादियों ने पिता को धमकी दी और बेटे को खेलना बंद करने को कहा। ऐसा ना करने पर नक्सलियों ने राकेश के पिता को गांव छोड़ने का फरमान सुना दिया। नक्सलियों के आगे घुटने टेकने से अच्छा पिता ने बेटे की रुचि को प्राथमिकता दी और ओरछा छोड़कर कुतुलगरपा गांव आ गए। 8 साल के राकेश की मुलाकात छत्तीसगढ़ स्पेशल टास्क फोर्स में काम करने वाले मनोज प्रसाद मिले हुई, जो मल्लखंब के प्रशिक्षक हैं।



# 19 TI सहित 25 पुलिस कर्मियों का तबादला

### राजनांदगांव एसपी ने जारी किया आदेश, नरेश को सिटी तो जितेंद्र को लालबाग का प्रभार

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव एसपी संतोष सिंह ने जिले के 25 पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इसमें 15 टीआई और 6 एसआई स्तर के अधिकारी शामिल हैं। जारी आदेश के मुताबिक राजनांदगांव थाने की कमान टीआई नरेश कुमार पटेल तो वहीं लालबाग थाने का प्रभार टीआई जितेंद्र कुमार वर्मा को सौंपा गया है। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ थाना प्रभारियों का तबादला दूसरे जिलों से आए टीआई रैंक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारी देने के चलते किया गया है। खबर में दी गई लिस्ट में देखें किसे कौन से थाने की जिम्मेदारी दी गई है।



कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला राजनांदगांव, छ0ग0


आदेश

जुबानी जंग...

## सुशील का पलटवार- नाहक चिंता कर रही BJP

# छत्तीसगढ़ियों के नाम पर बाहरी को लाभ- कौशिक

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कोटे से राज्यसभा कौन जाएगा, कौन नहीं यह अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन भाजपा-कांग्रेस में जुबानी जंग तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस पर निशाना साधा है।



कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ियों की बात कहते हैं। कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ियों के लिए सब कुछ करने का दावा करती है, लेकिन लाभ अर्जित करने, बड़े-बड़े काम में सिर्फ उनका नाम लिया जाता है और लाभ बाहरी व्यक्तियों को मिलता है। राज्यसभा सीट की बात आई तब किसी को बोलने का अधिकार नहीं है कहते हैं। कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ियों का कितना हित हुआ है। यह आज नहीं बल्कि कांग्रेस का इतिहास देख लीजिये। इनको छत्तीसगढ़ से राज्यसभा भेजने लायक व्यक्तित्व नहीं मिलते हैं। बाहर से नामांकित किया जाता है।

कौशिक ने कहा कि यह कांग्रेस का मामला नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ का मामला है। छत्तीसगढ़ के कोटे से राज्यसभा जाते हैं तो सांसद निधि की राशि में छत्तीसगढ़ियों का अधिकार है। उस राशि का खर्च कहां पर होता है। मोहसिना किदवई राज्यसभा गईं। केटीएस तुलसी जी अभी हैं। उनकी सांसद निधि का खर्च कहां हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ियों को जानने का अधिकार है। कांग्रेस केवल छत्तीसगढ़ियों के नाम से उनका शोषण न करें। उनको लूटने का प्रयास न करें बल्कि दोनों सांसदों की कितनी राशि कहां-कहां खर्च हुआ है, उसका सार्वजनिक प्रकाशन किया जाना चाहिए। कौशिक ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ियों की बात करते हैं तो छत्तीसगढ़ के लोगों को राज्यसभा क्यों नहीं भेजा जाना चाहिए।


### भाजपा अपनी पीड़ा क्यों जाहिर कर रही

भाजपा पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्यसभा के दावेदारों के विषय में भारतीय जनता पार्टी नाहक चिंता कर रही है। भाजपा को जनता ने क्या इस लायक बनाया है कि राज्यसभा के उम्मीदवार तय करें। राज्यसभा में कांग्रेस के उम्मीदवार जाएंगे। जनता ने 3 चौथाई बहुमत विधानमंडल में दिया है। दोनों सीटें पर कांग्रेस के उम्मीदवार जाएंगे। भाजपा रोज बयान देकर अपनी पीड़ा क्यों जाहिर कर रही है। कौन जाएगा, कौन योग्य है यह निर्णय लेने का अधिकार कांग्रेस नेतृत्व के पास है। कांग्रेस का राज्य और केंद्र का नेतृत्व बैठकर फैसला करेंगे। यह निर्णय लेना का अधिकार लोकतंत्र में उसी पार्टी को है।

## IAS से भिड़ गए भाजपा पार्षद

# मीनल बोलीं- स्वच्छता दीदी से यूथ कांग्रेस का प्रचार कराया जा रहा, आयुक्त बोले- जांच करवाता हूं

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के दफ्तर में शुक्रवार को बवाल हो गया। भाजपा के पार्षदों का दल, निगम के आयुक्त प्रभात मलिक (IAS) के कमरे में जा घुसा। भाजपा पार्षदों ने कहा कि नगर निगम का कांग्रेसी करण किया जा रहा है। यहां काम करने वाले लोगों को कांग्रेस के प्रचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे समेत तमाम पार्षद इसी बात को लेकर हंगामा करने लगे। मीनल चौबे ने बताया कि नगर निगम में अस्थाई तौर पर काम करने वाली स्वच्छता दीदियों का कांग्रेस सियासी इस्तेमाल कर रही है। इन महिलाओं का काम होता है, गीला कचरा-सूखा कचरा के बारे में लोगों को बताना, यूजर चार्ज वसूली में मदद करना, मास्क की जांच चौराहों पर करना। मगर इन महिलाओं को यूथ कांग्रेस के प्रचार और सदस्यों को जोड़ने के काम में लगाया गया है। मीनल चौबे ने कहा कि इसी बात को लेकर हमने निगम के आयुक्त से मुलाकात की है। इस पर आयुक्त प्रभात मलिक ने कहा कि भाजपा पार्षदों की आपत्ति आई है, हम इसकी जांच करवाएंगे, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भाजपा पार्षदों ने ये भी आरोप लगाए कि निगम के आयुक्त को अगर ये बात पता ही नहीं है तो ये हैरानी का विषय है।



जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, शनिवार 21 मई 2022

# आखिर कितने 'भरोसेमंद' हैं ये नए नवेले सियासी चेहरे ?

वक्त के साथ सियासत की हवा बदली है, सोच बदली है और विचारधारा शून्य हुई है। पार्टियां ब्रांड बन गई हैं। ठीक कॉरपोरेट संस्कृति की तरह जिस तरह युवाओं में बेहतर पद और पैसे के लालच में नौकरियां या कंपनी बदलने की होड़ है, वैसे ही राजनीति में भी ऐसे युवाओं को जल्दी कामयाबी और शोहरत पाने की लालसा पागल बना रही है। जाहिर है देश में भाजपा की हवा है, सत्ता की चमक दमक है, कहने को मजबूत हिंदू राष्ट्रवाद की विचारधारा है।

और तो और संघ परिवार के साथ-साथ उसके तमाम छोटे बड़े संगठनों की ताकत भी है। भीड़ बहुत है और उसमें खो जाने का खतरा भी है, लेकिन बड़ी बड़ी कंपनियों में भी तो भीड़ होती है, लेकिन वहां ट्रेनी की नौकरी पा लेना भी एक उपलब्धि मानी जाती है। माता पिता गर्व से कहते हैं कि उनके बच्चे तो फलां मल्टीनेशनल कंपनी में हैं, लाखों का पैकेज है, वगैरह-वगैरह।

जितिन प्रसाद या ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे नेताओं को तो चलिए सियासत विरासत में मिली है, वो ये सारे दांव पेंच बचपन से देखते आए हैं और विचारधारा के साथ साथ महत्वाकांक्षा का गणित भी समझते हैं, लेकिन अगर कन्हैया कुमार, जिग्नेश मेवाणी, अल्पेश ठाकोर या हार्दिक पटेल जैसे युवाओं की बात करें तो वे एक स्वतःस्फूर्त आंदोलन से बने चेहरे हैं, जिसमें तात्कालिक तौर पर कोई जातिगत या किसी खास तबके या समाज के मुद्दे हावी रहे। उन्हें नेता बनाने में भीड़ या तात्कालिक मुद्दों की गरमाहट से उपजी ऊर्जा के साथ-साथ मीडिया या सोशल मीडिया की अहम भूमिका रही। सत्ता के खिलाफ जोशीले भाषण देने और एक दौर में भीड़ को बांधने की उनकी क्षमता ने उन्हें ऐसा चेहरा बना दिया, जिसपर तमाम सियासी पार्टियों की नज़र गई और वे उन्हें अपने अपने फायदे में इस्तेमाल करने की कोशिशों में लगे रहे। उसी तरह नवजोत सिंह सिद्धू ठहाके लगाते लगाते खुद ठहाके के पात्र बनते रहे, अपनी महत्वाकांक्षाओं के लिए पार्टियां बदलते रहे लेकिन कांग्रेसी नेतृत्व की आंख पर पट्टी पड़ी रही। इन बड़बोले नेताओं ने कांग्रेस का कितना नुकसान किया है अगर इसे अब नहीं तो भला कब समझा जाएगा।



दल-बदल की सियासत

जितिन प्रसाद या ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे नेताओं को तो चलिए सियासत विरासत में मिली है, वो ये सारे दांव पेंच बचपन से देखते आए हैं और विचारधारा के साथ साथ महत्वाकांक्षा का गणित भी समझते हैं, लेकिन अगर कन्हैया कुमार, जिग्नेश मेवाणी, अल्पेश ठाकोर या हार्दिक पटेल जैसे युवाओं की बात करें तो वे एक स्वत-स्फूर्त आंदोलन से बने चेहरे हैं...

दरअसल कांग्रेस युवा नेतृत्व की तलाश करते-करते अपने घर के परंपरागत युवाओं को संभालने के बजाय इन नए मोहरों पर उसी गणित के तहत भरोसा करने लगी, जो आम तौर पर तात्कालिक फायदे के लिए लगाए जाते हैं। लेकिन ये गणित कांग्रेस जैसी पार्टी के लिए लगातार नुकसान का सौदा साबित होता रहा है। आखिर क्यों कांग्रेस के उन पुराने दिग्गजों को ग्रुप 23 बनाने की जरूरत पड़ गई, आखिर क्यों वे बार-बार सोनिया गांधी को चिट्ठियां लिखकर अपना दर्द साझा करते रहे और आखिर क्यों वे न तो कांग्रेस से अलग हो पाते हैं और न ही कांग्रेस के मौजूदा ढांचे में खुद को फिट कर पाते हैं? सवाल पार्टी में अहमियत का नहीं बल्कि सवाल पार्टी की विचारधारा और भाजपा से लड़ने की खोखली रणनीति का है। उस ढुलमुल रवैये का है जो आपको किसी जमीनी संघर्ष से लगातार दूर कर रहा है और जनता से आपकी दूरी को बढ़ा रहा है। यूपी चुनाव के दौरान प्रियंका गांधी ने बड़े जोर-शोर से 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' का अभियान चलाया, खूब मेहनत की, भीड़ जुटाई लेकिन नताजे आते ही ये सारी कवायद ठंडे बस्ते में चली गई। जनता ने समझ लिया कि वह एक चुनावी हथकंडा था और बुरी तरह फेल हो गया। योगी और मोदी की आंधी में सारी मेहनत हवा हो गई। दूसरी तरफ अखिलेश यादव की पार्टी अपनी इसी कामयाबी से संतुष्ट हो गई कि जनता ने उसे नंबर दो पार्टी तो बनाया अब उनकी जिम्मेदारी महज़ एकाध बयान देकर भाजपा सरकार को नाकाम बताने के सिवा कुछ नहीं है। कांग्रेस और सपा या फिर बसपा जैसी पार्टियां सत्ताधारी पार्टी की ओर से मंदिर-मस्जिद विवाद को बढ़ाने, मुसलमानों को निशाना बनाकर उनके मनोबल को तोड़ने, नफरत का माहौल पैदा करने या किसी न किसी विवादास्पद मुद्दे को उठाने, शहरों के नाम बदलने जैसे तमाम मसलों पर खामोश रहती हैं। देश में आसमान छूती महंगाई या बेरोजगारी के सवाल तक उनके लिए खास मायने नहीं रखते। सड़कों पर उतरने से भी उन्हें डर लगता है या यूं कहें कि उनके भीतर सत्ताधारी पार्टी का आतंक इस कदर भर गया है कि ये पार्टियां सत्ताधारी पार्टी के आगे कहीं न कहीं घुटने टेकने जैसी स्थिति में दिखाई देती हैं। इस देश में चुनाव एक सतत प्रक्रिया है। आज इस प्रदेश में तो कल किसी और प्रदेश में। सियासी पार्टियों की रणनीति भी उसी आधार पर बनती है और अपना वजूद उन्हीं में तलाशते रहने की कवायद चलती रहती है। अभी पांच राज्य निपटे तो अब इस साल और अगले साल होने वाले 11 राज्यों के चुनाव हैं।

डॉ. विजय शर्मा

## संपादकीय

### क्या है बॉटम-अप स्टॉक पीकिंग इन्वेस्टमेंट शैली? इस तरह करें निवेश, मिलेगा ज्यादा फायदा

दुनियाभर में चल रहे संघर्षों और महामारी के इस दौर ने हम सभी लोगों को काफी प्रभावित किया है। लोगों के जीवन और आजीविका के अलावा इस आपदा के दौर में कई और गंभीर नुकसान देखने को मिले हैं, जिनमें कच्चे तेलों की कीमतों में तेजी से आने वाले उछाल और स्टॉक्स की गिरती हुई कीमतें भी शामिल है। हालांकि, लोग अब भी इनसे बचाव के उपायों की प्रतीक्षा कर रहे हैं और ये सोच रहे हैं कि वे अपने भविष्य और पैसे दोनों की रक्षा कैसे करें। भारत मूल रूप से कई बड़ी और मजबूत कंपनियों वाला देश है, जहां पर इनमें से कोई भी कंपनी कभी भी परेशानियों या फिर आर्थिक मंदी का शिकार हो सकती है। ये सभी अस्थायी चुनौतियां विशेष परिस्थितियों के रूप में काम करती है, जो कभी भी कंपनी के पतन का कारण बन सकती है या उनको प्रभावित कर सकती है। ऐसे में सवाल ये हैं कि ऐसी कौन सी परिस्थितयां हैं, जिन्हें अवसर के रूप में बदला जा सकता है? आमतौर पर कंपनी, सेक्टर, या अर्थव्यवस्था में चल रही अस्थायी परेशानियों, सरकारी कार्यों, और पॉलिसी या ग्लोबल स्तर पर घटित हो रही घटनाओं, और अनिश्चितता के समय अस्थायी संकट से उत्पन्न होने वाली विशेष परिस्थितियां को अवसर के रूप में जाना जाता है।

## रहस्यों की चादर में लिपटा ब्रह्मांड और कहानी डार्क मैटर और डार्क एनर्जी की..!

*आज हमारी सभ्यता उस मुकाम पर पहुंच चुकी है, जहां हमारे रोवर्स करोड़ों किलोमीटर दूर स्थित ग्रहों और उनके उपग्रहों की सतह पर भ्रमण कर रहे हैं। हमारे टेलीस्कोप अरबों प्रकाश वर्ष से सफर करके आ रही लाइट को डिटेक्ट कर पा रहे हैं। यही नहीं हमने तकनीक और गणित की आंखों से लंबे समय से रहस्य बने ब्लैक होल को भी देखने में समर्थता हासिल कर ली है। इस अनंत असीमित ब्रह्मांड के रहस्यों से पर्दा उठाने की खोजबीन में हमें एक ऐसे रहस्य के बारे में पता चला, जिसने विज्ञान जगत को सख्ते में डाल दिया।*

हब्बल टेलीस्कोप की आंखें रोज की तरह ही ब्रह्मांड के ओर छोर पर नजरें गड़ाए हुई थीं। इस दौरान उसने कुछ ऐसा पाया, जो आगे आने वाले समय में हमारी ब्रह्मांड को लेकर पुरानी समझ को तोड़ने वाला था। ये रहस्य था डार्क मैटर और डार्क एनर्जी का। हब्बल टेलीस्कोप से जो डाटा मिला, उसमें पता चला कि हमारे ब्रह्मांड का 95 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं दोनों रहस्यमयी पदार्थों से मिलकर बना है। हमारा ब्रह्मांड जिस स्थिरता और व्यवस्थित ढंग से काम कर रहा है। उसके पीछे की वजह डार्क मैटर है ऐसे में हब्बल से आए इस डाटा का बारीकी से अध्ययन किया गया। अध्ययन में पता चला कि आज हमारा ब्रह्मांड जिस स्थिरता और व्यवस्थित ढंग से काम कर रहा है। उसके पीछे की वजह डार्क मैटर है। वहीं जिस तेजी से हमारा ब्रह्मांड फैल रहा है और उसके भीतर की आकाशगंगाएं एक दूसरे से दूर जा रही हैं, उसके पीछे की वजह डार्क एनर्जी है। गजब का संयोग है सालों पहले एडविन हब्बल ने ही दुनिया को यूनिवर्स के थ्योरी ऑफ एक्सपेंशन के बारे में बताया था। वहीं सालों बाद उन्हीं के नाम के एक टेलीस्कोप ने उस रहस्य से पर्दा उठाने का काम किया, जिस पदार्थ के चलते इस ब्रह्मांड की फैलने की गति में लगातार वृद्धि हो रही है। हालांकि, डार्क मैटर और डार्क एनर्जी आज भी कौतूहल का विषय बने हुए हैं। इनके बारे में हमारे पास अब तक कोई विकसित समझ नहीं है। ये दोनों ही पदार्थ प्रकाश का परावर्तन नहीं करते। इसके अलावा इनका द्रव्यमान भी काफी कम है। इनका द्रव्यमान इतना ज्यादा कम है कि हम भविष्य में विकसित होने वाली हाईटेक से हाईटेक दूरबीन से भी इनके बारे में पता नहीं लगा सकते हैं। हालांकि, इनका असर ब्रह्मांड में है और उस असर से हमें इनके होने के बारे में पता चलता है। ब्रह्मांड हमारे भीतर छुपा है। हम उसी से बने हैं। ये अनंत अंतरिक्ष खुद को हमारे जरिए ही जान रहा है। हम ब्रह्मांड को जानने का एक जरिया हैं।



वाल्ट डिज्नी ने कहा था हम हमेशा आगे बढ़ते रहते हैं, रहस्यों के नए दरवाजों को खोलते हैं, नई चीजों को करते हैं क्योंकि हम उत्सुक हैं और उत्सुकता हमेशा हमें नए रास्तों की ओर लेकर जाती है। इंसानों की उत्सुकता और नई चीजों को जानने की प्रबल आतुरता के चलते ही विकसित सभ्याताओं ने जन्म लिया।

डार्क मैटर और डार्क एनर्जी की खोज होने से पहले ही अल्बर्ट आइंस्टाइन ने कह दिया था कि ब्रह्मांड पूरी तरह खाली नहीं है। इसमें कई तरह के चौकाने वाले गुण हैं। हमारे इस ब्रह्मांड के ताने बाने को बुनने में डार्क मैटर और डार्क एनर्जी की एक बहुत बड़ी भूमिका है। आज भले ही हम इनके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते हैं। वहीं दूसरी तरफ भविष्य ऐसी कई संभवनाओं को लेकर खड़ा है, जिसके बल पर कहा जा सकता है कि आगे आने वाले वक्तों में इन दोनों रहस्यमयी पदार्थों के विषय में काफी कुछ जाना जा सकेगा। हमारी सभ्यता और तकनीक का जिस गति से निरंतर विकास हो रहा है। उसके आधार पर यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि हमारी उत्सुकता की आंखें एक दिन डार्क मैटर और डार्क एनर्जी के रहस्य से भी पर्दा उठा देंगी। शायद तब कई और अनभिज्ञ अनजाने रहस्य हमारी आंखों के सामने आएंगे, क्योंकि ब्रह्मांड और उसके भीतर के छुपे रहस्य असीमित हैं।

संकल्प सिंह

## मिला जुला

# सचिव ऊर्जा विभाग आनंद की अध्यक्षता में जिले में विद्युत व्यवस्था दुरूस्तीकरण के संबंध में आयोजित हुई बैठक

बिजली बिल संबंधी समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण करें सुनिश्चित -सचिव आनंद

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



### जिले में पंचायतवार मीटर रीडिंग की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

सचिव एवं चेयरपर्सन ऊर्जा विभाग छत्तीसगढ़ शासन अंकित आनंद की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में विद्युत व्यवस्था दुरूस्तीकरण के संबंध में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ऊर्जा विभाग मनोज खरे, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, मुख्य अभियंता सीएसपीडीसीएल संजीव वर्मा, अधीक्षण अभियंता राजेश लकड़ा, कार्यपालन अभियंता एन आर भगत सहित विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में आनंद ने जिले में विद्युत सप्लाई में आने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए दुरूस्तीकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की सहूलियत का पूरा ख्याल रखा जाना आवश्यक है इस हेतु जिले में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से संचालित होना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस हेतु विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। जिससे इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हो सकेगी और किसानो एवं घरेलू उपभोक्ताओं को लोड शेडिंग की समस्या से निजात मिले। आनंद ने कहा कि जिले में बिजली बिल संबंधी समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण करना सुनिश्चित करें। इस हेतु सभी पंचायतों में बिजली बिल सुधार के लिए आवश्यक शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। आनंद ने जिले के सभी पंचायतों में घर-घर जाकर मीटर रीडिंग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पंचायतों में ही रीडर की नियुक्ति की जाए एवं उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किए जाए। सचिव आनंद ने जिले में कम वोल्टेज समस्याओं का भी शीघ्रता से निराकरण करने के लिए कहा। इस हेतु आवश्यक स्थानों में अतिरिक्त पावर ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुनकुरी-दुलदुला विद्युत लाईन, कांसाबेल .पत्थलगांव विद्युत लाईन का मेंटनेंस करने साथ ही अन्य फीडरों में भी आवश्यक मेंटनेंस करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने जिले दूरस्थ एवं आवश्यकता वाले स्थानों में 3 नए विद्युत सबस्टेशन बनाने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने की बात कही। जिसमें बगीचा के चंपा, कासांबेल के दोकड़ा, फ रसाबहार के चिकनीपानी शामिल है। साथ ही जिले के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों के विद्युतीकरण आवश्यकता वाले स्थानों के लिए भी प्रस्ताव देने के लिए कहा। उन्होंने जिले के सभी सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओ को अपने.अपने डिविजन में पंचायत स्तर पर सरपंच सचिव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय संस्थानों के कर्मचारियों का वाट्सअप ग्रुप तैयार करने के लिए कहा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाली बिजली समस्याओं की जानकारी अविलंब प्राप्त हो सके साथ ही समस्याओं के निराकरण की भी जानकारी लोगों को प्रदान की जा सके। आनंद ने बरसात से पहले जिले के सभी विद्युत लाईन के आस-पास पेड़ो की कटाई.छटाई कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। साथ ही सभी सबस्टेशनों का भी अर्थिंग, एबीस्विच, ऑयल लेवल जांच सहित साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने सभी अभियंताओं को अपने-अपने डिवीजन का नियमित रूप से फील्ड विजिट कर कम विद्युत वोल्टेज की समस्या का भौतिक सत्यापन करने एवं ट्रिपिंग, लोडशेडिंग जैसे समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण करने की बात कही। कार्यपालन अभियंता भगत ने जिले में विद्युत की सुचारू व्यवस्था में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में बिजली बिल समस्या के निदान के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है एवं पात्र उपभोक्ताओं के बढ़ी बिजली बिल का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

### हो सकता है एनकाउंटर, आजम खान ने कहा- जेल में दारोगा ने बताया रामपुर में रहना अंडरग्राउंड



**रामपुर ए.।** 27 महीने के बाद जेल से बाहर आए आजम खान रामपुर अपने घर पहुंच चुके हैं। रामपुर पहुंचने से पहले आजम का जोरशोर से स्वागत हुआ। घर पहुंचने के बाद आजम ने प्रेस कान्फ्रेंस की। इस दौरान आजम ने अपने 40 साल के सियासी सफर की दास्तां भी सुनाई। साथ ही बिना नाम लिए अखिलेश पर निशाना भी साधा। आजम खान ने पत्रकारों को जेल में मिली खुलेआम धमकी का भी जिक्र किया। इसके अलावा आजम ने जमानत पर मिलने पर सुप्रीम कोर्ट का तहे दिल से शुक्रिया भी अदा किया।

जमानत मिलने के बाद घर पहुंचे आजम खान ने जेल में पुलिसकर्मी द्वारा मिली धमकी का भी खुलासा किया।

## एक नजर

### डीजल टैंकर और ट्रक में जोरदार टक्कर के बाद लगी आग, 9 लोगों की जलकर मौत

**मुंबई ए.।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। डीजल टैंकर और ट्रक की जोरदार भिड़ंत के बाद वाहनों में लग गई। आग में जलने के कारण 9 लोगों की मौत हो गई है। एजेंसी के मुताबिक, हादसे में ट्रक चालक की भी जान चली गई है। बताया जा रहा है कि ये हादसा चंद्रपुर जिले के एक इलाके में हुआ है। हादसे के सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ट्रक में लकड़ियां लदी हुई थी। फिलहाल हादसे की जांच की जा रही है। चंद्रपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सुधीर नंदनवार ने कहा, 'चंद्रपुर शहर के पास अजयपुर के पास डीजल से लदा एक टैंकर लकड़ी के लट्ठों को ले जा रहे ट्रक से टकरा गया।



### असम में बाढ़ की स्थिति और बिगड़ी, 27 जिलों के सात लाख से अधिक लोग हुए प्रभावित

**गुवाहाटी ए.** । असम में बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई है, प्रदेश के 27 जिले और यहां रहने वाले करीब 7.18 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार नगांव जिले के कामपुर राजस्व क्षेत्र में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। इसमें कहा गया है कि इसके अलावा कामपुर में दो और लोग लापता हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके साथ ही राज्य में बाढ़ और भूस्खलन से इस साल मरने वालों की संख्या बढ़ कर दस हो गई है। प्राधिकरण ने कहा है कि बाढ़ के कारण प्रदेश में 717500 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

## अलर्ट! बैंक अकाउंट में 342 रुपये रखना है जरूरी, वर्ना 4 लाख रुपये का होगा नुकसान

नई दिल्ली ए.। आपके बैंक अकाउंट में 342 रुपये नहीं हैं तो 4 लाख रुपये तक का नुकसान हो सकता है। दरअसल, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) को सालाना रिन्यू कराने की आखिरी तिथि 31 मई है।

अगर आपने इन दोनों योजनाओं को रिन्यू नहीं कराया तो 4 लाख रुपये तक की बीमा से वंचित रह सकते हैं।



प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा- इस योजना के तहत किसी भी कारण से होने वाली मौत के लिए कवरेज दी जाती है। इस योजना से जुड़ने के लिए उम्र सीमा 18-50 वर्ष है। 50 वर्ष की आयु से पहले योजना में शामिल होने वाले लोग प्रीमियम का भुगतान करने पर जीवन के जोखिम का कवरेज 55 वर्ष की आयु तक प्राप्त कर सकते हैं।

रजिस्ट्रेशन- योजना के तहत रजिस्ट्रेशन, खाताधारक के बैंक की शाखा / बीसी पॉइंट या वेबसाइट पर जाकर या डाकघर जाकर किया जा सकता है। योजना के तहत, प्रीमियम का भुगतान ग्राहक द्वारा केवल एक बार दिए गए आदेश के आधार पर बैंक खाते से ऑटो- डेबिट द्वारा किया जा सकता है।

त्रि-दिवसीय मानस यज्ञ संपन्न

## मानव समाज के लिये आदर्श श्रीराम का जीवन-चुन्नी लाल साहू

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

तुमगांव धर्मनगरी तुमगांव में बाजार चौक पर भव्य त्रि-दिवसीय मानस यज्ञ समारोह का आयोजन हुआ। तीन दिनों तक यहां राम भक्ति की अखंड धारा व भंडारे का पावन आयोजन प्रवाहित होते रहा। मानस कार्यक्रम में ग्राम के लोगों के अलावा आस-पास के गांवों के लोग भी पहुंचे और भजनों की सुमधुर धारा के साथ राम कथा का श्रवण किया। बुधवार को इस मानस यज्ञ का समापन हुआ। अंतिम दिन मानस मंडलियों द्वारा राम के चरित्र का गान बखान करते हुए धर्म प्रेमी श्रोता समाज को राम चरित का अर्थ बताया गया और राम की जीवनगाथा से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक और धन्य करने का आह्वान किया गया। तीसरे दिन मानस विवेचन के दौरान ऐसे कई प्रसंग आए, जिससे श्रद्धालुओं की आंखें भर आईं। मानस मंच का यही संदेश रहा कि राम का जीवन समूचे मानव समाज के लिए आदर्श है। मानस यज्ञ के समापन पर बुधवार को शाम 5 बजे आचार्य पंडित अरविंद पांडे के द्वारा पूजा आरती हवन किया गया। इसमें ग्राम के सैकड़ों श्रद्धालु महिला.पुरुषों ने भाग लिया। इसके बाद भगवान राम के जयकारे और बाजे-गाजे के साथ श्रीराम चरित मानस की शोभायात्रा निकाली गई। द्वार-द्वार पर और घर.आंगन में चौक चंदन आरती के साथ महिलाओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर,उपाध्यक्ष व आयोजन समिति के अध्यक्ष पप्पू पटेल,पार्षद गण एल्डरमैन सहित आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा किया। समापन अवसर पर लोकसभा सांसद चुन्नी लाल साहू जी के द्वारा हवन पूजन में सम्मिलित हुवा साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि राम का जीवन समूचे मानव समाज के लिए आदर्श है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का चरित्र हमें अच्छाई को ग्रहण करने, बुराई को त्यागने, काम, क्रोध, मोह का दमन करने का मार्ग दिखता है। राम नाम का अमृत पाकर भक्त सबरी का कल्याण हुआ। माता-पिता की आज्ञा में राज पाठ त्याग कर 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। उपेक्षितों को लगे लगाया और असुरों का संहार किया। पूरे मानस सम्मेलन में मंच संचालन संतोषी वैष्णव ने किया समापन अवसर पर आयोजक समिति ने उनका सम्मान किया। शोभायात्रा व कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक झाड़ू राम पटेल,संतोष धीवर,संतोष पटेल,राधेश्याम यादव लक्ष्मीनारायन पटेल,शेषनारायण पटेल, परमानंद धीवर, रोशनी पटेल, आदि महिला पुरुष शामिल थे।

# निष्टीगुडा सहकारी समिति में धूल मिट्टी वाला वर्मी कम्पोस्ट किसानों ने लेने से किया इंकार

**समिति प्रबंधक जबरिया खपाना चाहता था किसान के विरोध के बाद समूह को वापस**

जोहार छत्तीसगढ़–देवभोग।

ब्लाक के निष्टीगुडा सहकारी समिति मे खाद वितरण कर रहे समिति प्रबंधक देवेन्द्र यादव गुणवत्ता हीन वर्मी कम्पोस्ट खाद को किसानो को जबरिया देने के फि राक में था जब इसको लेने किसानो ने जोर विरोध किया तो समिति प्रबंधक को इसे समूह को वापस भेजना पडा।निष्टीगुडा के किसान भोजोराम साहू, दौलतराम साहू,नरहरी और डिंगरलाल साहू सहित दर्जनभर किसान खाद बीज लेने समिति पहुँचे तो उन्हे धुल मिट्टी कंकड वाले वर्मी कम्पोस्ट जबरदस्ती दिया जा रहा था। किसान उसके स्तर हीन होने के कारण नहीं ले रहे उस पर समिति प्रबंधक ने उन्हे लेने की बाध्य कर रहा था। किसान का आरोप है समिति प्रबंधक किसान को तब तक खाद बीज नही दे रहा है जब तक किसान निष्टीगुडा से लाये गये वर्मी कम्पोस्ट लेने को बाध्य नही हो रहा है।





### समूह के वर्मी कम्पोस्ट खाद की बोरी मे निकल रहा धूल कंकड

निष्टीगुडा गौठान में बन रहा वर्मी कम्पोस्ट को किसान लेने से इसलिये मना कर रहे है क्योंकि पैक वर्मी कम्पोस्ट के बोरी से भी कंकड पत्थर पाये जा रहे है।किसान डिंगरलाल और नरहरी कुछ दिन पहले सहकारी समिति निष्टीगुड़ा से वर्मी कम्पोस्ट खाद ले गये थे इनका कहना है जबरिया थोपे जा रह इस खाद मे कंकड पत्थर जा रहे है। जिसके उपयोग से किसान को नुकसान झेलना पड़ सकता है। किसान के भारी विरोध के बाद सहकारी समिति ने गुणवत्ता हीन 30 पैकेट वर्मी कम्पोस्ट को गौठान समिति को वापस कर दिया।




### एक एकड़ में तीन पैकेट की बाध्यता

*राज्य शासन के आदेशानुसार किसान को एक एकड के खेती के लिये तीन पैकेट वर्मी खाद लेने की बाध्यता है यहां तक ठीक है किसान इस बात का विरोध नहीं कर रहे हैं ऋणी किसान का कहना है इसकी गुणवत्ता को ध्यान नहीं रखा जा रहा है। समिति मे दो तरह के वर्मी कम्पोस्ट खाद दिया जा रहा है एक सुपर वर्मी जो छह रूपये प्रति किलो की दर से और एक वर्मी कम्पोस्ट जो दस रूपये प्रतिकिलो की दर से दिया जा रहा है। किसान का ये भी कहना है कि वर्मी कम्पोस्ट और सुपर वर्मी का मूल्य भी अधिक है। निष्टीगुड़ा समिति अभी तक 29 किसान को 80 बोरी अर्थात 24 क्विंटल वर्मी खाद बेच चुका है जिसे किसान गुणवत्ताहीन बताकर उपयोग नही करना चाहते है।*

## धोखाधड़ी करने वाले कोटवार को रतनपुर पुलिस ने की किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।



रतनपुर थाना क्षेत्र के भैंसाझार सरपंच पति ने कोटवार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है 12 मई 2022 को प्राथी सहदेव कुमार राज पिता हारीलाल राज उम्र 31 साल निवासी ग्राम बछालीखुर्द थाना रतनपुर का लिखित आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम बघाली खुर्द का कोटवार राजेश कुमार गंधर्व पिता अमृतलाल गंधर्व निवासी ग्राम बछमलीखुर्द थाना रतनपुर का ग्राम बघालीखुर्द के किसानों से पर्ची बनवाने फ ौती उठवाने जमीन नामांतरण करवाने के नाम पर गांव के रामप्रसाद विश्वकर्मा, भरत विश्वकर्मा, प्रीति बाई विश्वकर्मा से 24000 रूपये जगमोहन विश्वकर्मा से 9500 रूपयेए अमरूत यादव से 4000 रूपये कार्तिक जायसवाल से 8000 रूपये, गणेशराम गोड़ से 8000 रूपये लक्ष्मण जगत से 10000 रूपये, दिलीप केवट से 10000 रूपये, उमेश्वर तिवारी से 3000 रूपयेए रमाशंकर यादव से 11000 रूपये रूपकुवर गोड से 2000 रूपयेए रामधुन पोर्ते से 18000 रूपये तथा हीरा सिंह गोंड़ से 15000 रूपय जुमला रकम 122500 रूपये ले लिया है जो रकम लेकर काम नहीं कर रहा है। तथा रकम वापस नहीं कर रहा है। इस प्रकार राजेश कुमार गंधर्व कोटवार द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर पैसों की लेनदेन कर धोखाधड़ी किया है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया आरोपी राजेश कुमार गंधर्व कोटवार को थाना प्रभारी के निर्देशन पर तत्काल मौके पर आरोपी राजेश कुमार गंधर्व कोटवार के घर में घेराबंदी कर दबिश दिया गया आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आज माननीय न्यायालय कोटा बिलासपुर में पेश किया गया है।

## हसदेव जंगल विनाश के विरोध में राष्ट्रपति के नाम बेमेतरा कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

भीम रेजीमेंट बेमेतरा के द्वारा छत्तीसगढ़ कोरबा व सरगुजा क्षेत्र के हसदेव जंगल में वर्तमान सरकार उद्योगपतियों को कोयला निकालने का दिया ठेका जिससे अंधाधुन पेड़ों की कटाई चालू हो गई है। जिससे वनस्पति के साथ हजारों लोगों को बेघर होना पड़ेगा और इसका परिणाम विगत वर्षों में जल संकट तापमान वृद्धि के रूप में छत्तीसगढ़ को सहना पड़ेगा साथ ही साथ बेजुबान जानवरों को भी अपना वन्य क्षेत्र छोड़ना पड़ेगा और उनकी जनजीवन खतरे में पड़ जाएगी उक्त कारणों से सरकार की गलत नीतियों के विरोध में भीम रेजीमेंट बेमेतरा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में ने वनों की कटाई रोकने के लिए कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित भीम रेजीमेंट के जिला अध्यक्ष अविनाश घृतलहरे, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पूजा सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष कुवरजीत गायकवाड, कार्य जिला उपाध्यक्ष व जिला मीडिया प्रभारी राहुल डाहिरे, अर्जुन जांगड़े, रेखराम सोनवानी, गिरवर, अमृत चेलक लुमेश, कोमल, रूपेश, बरखा, दिलेश्वरी, और भीम रेजिमेंट सभी साथी मौजूद रहे।


## नपा उपाध्यक्ष चंद्राकर ने पकड़ी सीएमओ द्वारा डीजल चोरी

मंगलम भवन के कार्य में गड़बड़ी, नपा से फाइल ही गायब

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

स्थानीय नगर पालिका परिषद् के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के खिलाफ निर्माण कार्य और डीजल खरीदी की आड़ में आर्थिक अनियमितता बरतने का गंभीर आरोप लगते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर जांच कार्यवाही और आरोपी के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराये जाने की मांग की है। उपाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा है किए नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। प्रशासन का नियंत्रण ना होने से अधिकारी बेलगाम हो गए हैं और नित नए.नए तरीको से आर्थिक अनियमितता की मिसाल कायम कर रहे हैं। जिससे प्रदेश सरकार की छवि धूमिल हो रही है द्य कल 19 मई को सीएम्ओ आशीष तिवारी के आदेश पर पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारी राजेश सीएम्ओ के निजी वहां क्रमांक सी जी 10, इ 0368 में डीजल डलवाने के लिए प्रात: 10 बजे के लगभग पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप पहुंचे और 20 लीटर डीजल डलवाया गया। मगर जो पर्ची पेट्रोल पंप में जमा की गयी वह अन्य ट्रेक्टर वाहन की थी। जो की पुराने एसडीएम बंगले में खड़ी हुई थी। चंद्राकर ने पर्ची की फ ोटो लेकर ट्रेक्टर वाहन की वीडियोग्राफ ी भी की पर्ची में चालक के हस्ताक्षर भी थे। पूछे जाने पर नगर पालिका के वाहन प्रभारी बंजारी द्वारा बताया गया किए उक्तादेश सीएमओ तिवारी द्वारा दिया गया है। कृष्ण कुमार चंद्राकर ने नगर के पितियाझर वार्ड क्रमांक 12 में गौठान निर्माण कार्य में भी अनियमितता बरते जाने की शिकायत करते हुए बताया है किए यहाँ तेज हवा चलने पर कराया जा रहा निर्माण कार्य उखड जाता है। जिसे फि र से बनाने की प्रक्रिया लगातार चल रही है। अब तक गौठान निर्माण मद में 9 लाख रुपये की राशी व्यय हो चुकी है लेकिन कार्य पूर्ण ना होने से उद्घाटन लोकार्पण भी अब तक लंबित है। इसी प्रकार बागबहरा रोड स्थित संजय कानन के समीप निर्माणाधीन मंगल भवन में भी इस्टीमेट के विपरीत कार्य किया गया है। भवन के बीचो–बीच डिवाईडर और पौधों के लिए घेरा निर्माण के कार्यो में ईट का उपयोग किया गया है जो कि पूरे प्रदेश का इकलौता उदाहरण है। पालिका उपाध्यक्ष चंद्राकर के अनुसार इस मामले में जब सीएमओ तिवारी से इस्टीमेट की मूल प्रति अवलोकन के लिए उपलब्ध कराने की मांग की गयी है तो उनके द्वारा गोलमाल जवाब देते हुये स्टीमेट को रिवाइज करने के लिए भेजे जाने की बात कही गयी। बाद पालिका के इंजिनियर दिलीप कश्यप से भी स्टीमेट व फ ाइल दिखाए जाने की मांग की गयी तो उनके द्वारा कहा गया की फइल गुम हो गयी है। चंद्राकर का कहना है किए इससे खुद स्पष्ट हो जाता है की भ्रष्टाचार की पोल ना खुले इसलिए जान बूझकर फाइल को गायब कर दिया गया है। अंत में चंद्राकर ने कहा कि तिवारी जब से महासमुंद में पदस्थ हुए है उनके द्वारा लगातार आर्थिक अनियमितता, बरती जा रही है। जिला प्रशासन के कतिपय अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा भी विपक्ष भाजपा, से सांठ–गांठ कर सरकार को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और मुख्यमंत्री के महासमुंद प्रवास पर सभी बाते उनकी संज्ञान में लायी जाएगी और दोषी पर सख्त कार्यवाही की मांग की जाएगी।





**कलेक्टर को ज्ञापन, सीएम से भी होगी शिकायत**

## जिला कार्यालय में मनाया गया आतंकवाद विरोधी दिवस

अधिकारी कर्मचारियों को आतंकवाद का विरोध करने हेतु दिलाई गई शपथ

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में संयुक्त कलेक्टर सचिन भूतड़ा ने आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। उन्होंने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास बनाए रखने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन के मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली एवं विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ दिलायी। इस अवसर पर जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का उद्देश्य आम लोगों के कष्टों को सामने लाकर और यह दर्शा कर कि आतंकवाद किस तरह राष्ट्रीय हित के विरूद्ध है युवाओं को आतंक और हिंसा के रास्ते से दूर करना है। प्रतिवर्ष 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है।

## एक नजर

राजीव गांधी किसान न्याय योजना

### खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए प्रथम किस्त के रूप में 1700 करोड़ रूपए किसानों के खाते में किए जाएंगे ट्रांसफर

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के अनुसार राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों के खाते में राशि अंतरण के लिए इस वर्ष 21 मई को सभी जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि अधिकृत किए गए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री, विधायक, निगम मंडल और आयोग के अध्यक्ष जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। जिले के सभी विधायक तथा जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में खरीफविपणन वर्ष 2021–22 की प्रथम किस्त के रूप में करीब 1700 करोड़ रूपए किसानों के खाते में अंतरित किए जाएंगे। इस योजना के तहत बीते 2 वर्षों में किसानों के खाते में 12 हजार 209 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मुख्य अतिथियों को अधिकृत किया गया है। जशपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्तरीय 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतर परिसर में अधिकारियों-कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर ली शपथ

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में 20 मई 2022 दिन शुक्रवार को आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते है कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गो के बीच शांतिए सामाजिक सदभाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली। ज्ञात हो कि शनिवार 21 मई को शासकीय अवकाश होने के कारण आज शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, सउनि अ प्रदीप देशमुख, अजय देवांगन, दीपक गार्जेवाल, लुमेश देवांगन, सउनि विनोद शर्मा, ईतवारी डेहरे, प्रधान आरक्षक सुरज भान सिंह, ऐश्वर्य सिंह, आरक्षक पेखन सिंह, अखिलेश क्षत्री, श्यामू साहू, गेल्विन साहू, जितेन्द्र नेताम, सुरेश यादव, भारत साहू, बिरेन्द्र चंद्राकर, धर्मेन्द्र सिंह, भेनू साहू, कमलेश साहू, महिला आरक्षक भारती राजपूत, राही यादव एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

### देसी कट्टा एवं चाकू के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ईश्वर त्रिवेदी के मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है कि अवैध गतिविधियों पर संलग्न लोगों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करें गुंडागर्दी दहशतगर्दी एवं आदतन अपराधियों पर लगातार कार्यवाही करें। इसी तारतम्य में 19 मई 2022 को दौरान टाउन पेट्रोलिंग मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि लाफा चौक के पास तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ अवैध हथियार देसी कट्टा एवं चाकू के साथ लोगों को एवं आने जाने वालों को डरा धमका रहे हैं तथा दहशत फैला रहे हैं की सूचना तस्दीक एवं कार्यवाही पर मौके पर पुलिस स्टाफ एवं गवाहों के जाकर तस्दीक करने पर तीन व्यक्तियों के द्वारा आपस में हथियार लहरा कर आने जाने वालों को डरा धमका कर गुंडागर्दी दहशतगर्दी फैला रहे थे। उक्त व्यक्तियों को पुलिस स्टाफ एवं गवाहों के घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम क्रमश: श्याम लाल सिंह पिता लक्ष्मण सिंह गौड़ उम्र 27 वर्ष दादर निवासी थाना पाली, विनय कुमार पिता समर सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी गोपालपुर थाना दर्री एवं शीतल दास पिता कनकदास उम्र 27 वर्ष निवासी कुंडा खोल थाना रतनपुर हाल मुकाम अटल आवास दरी का निवासी होना बताएं

उक्त व्यक्तियों से अवैध हथियार रखने एवं एवं लोक स्थान सार्वजनिक स्थान पर अवैध हथियार लहराने के संबंध में वैद्य लाइसेंस अनुमति पत्रक आदि पेश करने नोटिस दिया जोकि कोई भी दस्तावेज नहीं होना लिखित में देने पर आरोपियों से मौके पर एक नग देसी कट्टा एवं एक नग धारदार बड़ा चाकू जप्त किया गया है ।

त्रि–दिवसीय मानस यज्ञ संपन्न

## मानव समाज के लिये आदर्श श्रीराम का जीवन-चुन्नी लाल साहू

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

**तुमगांव धर्मनगरी तुमगांव में बाजार चौक पर भव्य त्रि–दिवसीय मानस यज्ञ समारोह का आयोजन हुआ। तीन दिनों तक यहां राम भक्ति की अखंड धारा व भंडारे का पावन आयोजन प्रवाहित होते रहा।**



मानस कार्यक्रम में ग्राम के लोगों के अलावा आस–पास के गांवों के लोग भी पहुंचे और भजनों की सुमधुर धारा के साथ राम कथा का श्रवण किया। बुधवार को इस मानस यज्ञ का समापन हुआ। अंतिम दिन मानस मंडलियों द्वारा राम के चरित्र का गान बखान करते हुए धर्म प्रेमी श्रोता समाज को राम चरित का अर्थ बताया गया और राम की जीवनगाथा से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक और धन्य करने का आह्वान किया गया। तीसरे दिन मानस विवेचन के दौरान ऐसे कई प्रसंग आए, जिससे श्रद्धालुओं की आंखें भर आईं। मानस मंच का यही संदेश रहा कि राम का जीवन समूचे मानव समाज के लिए आदर्श है। मानस यज्ञ के समापन पर बुधवार को शाम 5 बजे आचार्य पंडित अरविंद पांडे के द्वारा पूजा आरती हवन किया गया। इसमें ग्राम के सैकड़ों श्रद्धालु महिला.पुरुषों ने भाग लिया। इसके बाद भगवान राम के जयकारे और बाजे–गाजे के साथ श्रीराम चरित मानस की शोभायात्रा निकाली गई। द्वार–द्वार पर और घर.आंगन में चौक चंदन आरती के साथ महिलाओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर,उपाध्यक्ष व आयोजन समिति के अध्यक्ष पप्पू पटेल,पार्षद गण एल्डरमैन सहित आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा किया। समापन अवसर पर लोकसभा सांसद चुन्नी लाल साहू जी के द्वारा हवन पूजन में सम्मिलित हुवा साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि राम का जीवन समूचे मानव समाज के लिए आदर्श है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का चरित्र हमें अच्छाई को ग्रहण करने, बुराई को त्यागने, काम, क्रोध, मोह का दमन करने का मार्ग दिखता है। राम नाम का अमृत पाकर भक्त सबरी का कल्याण हुआ। माता–पिता की आज्ञा में राज पाठ त्याग कर 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। उपेक्षितों को लगे लगाया और असुरों का संहार किया। पूरे मानस सम्मेलन में मंच संचालन संतोषी वैष्णव ने किया समापन अवसर पर आयोजक समिति ने उनका सम्मान किया। शोभायात्रा व कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक झाड़ू राम पटेल,संतोष धीवर,संतोष पटेल,राधेश्याम यादव लष्मीनारायन पटेल,शेषनारायण पटेल, परमानंद धीवर, रोशनी पटेल, आदि महिला पुरुष शामिल थे।

# अमलीपदर सेक्टर के आठ आंगनबाड़ी केन्द्रों के 350 बच्चे कुपोषण की ओर

## दो माह से नहीं मिल रहा गर्भवती,शिशुवती और बच्चों को पोषण आहार रेडी टू ईट

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

**अमलीपदर संकुल में प्रति माह की तरह इस माह भी बीते गुरूवार को मितानिन प्रशिक्षिका पिंकी सिन्हा सहित मितानिनों ने ग्राम स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित किया था। आयोजित बैठक में स्वच्छ भारत मिशन और स्वास्थ्य संबंधित कई चर्चा किये गये।**



आयोजित बैठक में ग्राम स्वच्छता समिति ने अमलीपदर सेक्टर के आंगनबाड़ी केन्द्रो में पोषण आहार रेडी टू ईट पिछले दो माह से नहीं मिलने की बात उठी। अमलीपदर संकुल में अमलीपदर, नयापारा, कोडमाबेडा, कोकडीमाल, बीरीघाट, रुवापथरा पानीगांव, सहित आठ गांव में ग्राम स्वच्छता समिति बना है जिनकी बैठक हर माह होती है और इस मासिक बैठक में शासन की राशन वितरण, पेंशन मध्यान्ह भोजन, आयुष्मान भारत,मनरेगा,बीमारी महामारी सहित सैकड़ों योजनाओं की जानकारी दी जाती है। मितिनीन प्रशिक्षिका पिंकी सिन्हा ने गांव में ग्राम स्वच्छता समिति की बैठक पर कहा ग्राम स्वच्छता समिति वाले गांव में प्रत्येक माह होने वाली बैठक के लिये अलग अलग तिथि निर्धारित है। इस बैठक में मितानिन कार्यक्रम के ब्लाक समन्वयक उपवन्ती यादव भी मौजूद थी।

### सेक्टर के साढे तीन सौ बच्चे कुपोषण से ग्रसित'

अमलीपदर सेक्टर में अमलीपदर,कोडमाबेडा, पानीगांव, बिरीघाट,कोकडीमाल, रुवापथरा,नयापारा सहित कुल आठ आगनबाड़ी केन्द्र संचालित है इनमे से एक भी केन्द्र में पिछले दो माह से षोषण आहार का वितरण नहीं हुआ है। इस सेक्टर के आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुल साढे तीन सौ बच्चे और सौ से अधिक गर्भवती, शिशुवती महिलाओं को इसका लाभ मिलता था अब आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार रेड्डु टू ईट वितरण नहीं किये जाने से यहां के साढे तीन सौ बच्चे इस योजना से वंचित हो गये है और कुपोषण के शिकार हो रहे है।

### विशेष जनजाति के गांव में आज तक नही मिला पोषण आहार

अमलीपदर सेक्टर में कमार भुंजिया वाले विशेष जनजाति वाले गांव कोडमाबेड़ा जहां आज तक रेडी टू ईट नहीं पहुंचा वही बीस घर वाले इस गांव में जिसकी आबादी सत्तर से अधिक है। यहां केवल विशेष जनजाति कमार और भुंजिया ही रहते है एक तरफ सरकार जहां विशेष जनजाति को अनेक सुविधा देने कई योजनाएं चलाती है मगर सरकार के महिला बाल विकास विभाग ने इन्हें कुपोषण से बचाने कभी गांव की सुध नहीं ली। यहां 01 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है जहां बच्चों को गरम भोजन भी देना होता है यहां बच्चों को ना तो गरम भोजन परोसा गया और ना ही कभी आंगनबाड़ी केन्द्र खोले गये। आखिर बच्चों को मिलने वाला पोषण आहार जाता कहां है इसका जबाब ना तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पास है और ना विभाग के अधिकारी बता पा रहे हैं।

### ग्राम स्वच्छता समिति व मितानीनो ने लिखी चिट्ठी

***आंगनबाड़ी केन्द्रो में बंद पड़े पोषण आहार वितरण मामले पर संकुल की मितानीन और अमलीपदर ग्राम सुरक्षा समिति ने महिला बाल विकास विभाग को कल रेडी टू ईट और गरम भोजन नहीं मिलने की शिकायत की है और पोषण आहार दिलाने की मांग भी की है पर विभाग के अधिकारी ने शिकायतर्ता को गोलमोल जबाब देकर मामले को टाल दिया है।और जब इस संबंध में जानकारी लेने महिला बाल विकास अधिकारी चन्द्रहास साहू से सम्पर्क करने की कोशिश की गयी तो उन्होंने फोन नही उठाया।***

---

## एक नजर

### नक्सलियों ने पेड़ गिराकर रास्ता जाम किया, फेंके पर्ची में एक दिन के बंद का आव्हान

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



गरियाबंद मे नक्सलियो ने एक बार फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराया है बीते कल नक्सलीयों ने मैनपुर देवभोग राष्ट्रीय राज मार्ग पर बुडघेलटप्पा के पास पेड़ गिराकर पुलिस केम्प का विरोध जताया है। वही नक्सलियों ने पेड़ गिराकर रास्ता बाधित किया और पेड़ पर नक्सली बेनर भी टांग दिये और सडक के बीचो-बीच नक्सली पर्ची भी फेंके थे। पर्ची में नक्सलियो ने पुलिस केम्पत्रका विरोध किया है और एक दिन के बंद का आव्हान भी किया है।

#### घंटो बाधित रहा एनएच 130 सड़क

गरियाबंद जिला के उदन्ती अभ्यारण्य नक्सल प्रभावित होने के कारण आये दिन नक्सली गतिविधियां देखी गयी है। नक्सली शहीद सप्ताह से लेकर अन्य विरोध प्रदर्शन मे् पेड़ गिराकर बंद करते है कल भी सडक पर पेड़ गिराकर विरोध प्रदर्शन के कारण एनएच 130 सड़क घंटो बाधित रहा। हालांकि जगह जगह पुलिस कैम्प होने के कारण गिराये गये पेड़ को पुलिस की सीआरपीएफ जवान और रोड ओपनिंग पार्टी ने हटाकर रास्ता क्लीयर करवा दिया।

### खाद्य विभाग की टीम ने मेसर्स अशोक एचपी गैस एजेंसी सरायपाली से गैस सिलेण्डर जप्त किया

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले में उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर की आपूर्ति में अनियमितता की शिकायत के आधार पर कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर के निर्देश पर खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी, हरीश सोनेश्वरी एवं खाद्य निरीक्षक सुशीला गबेल द्वारा 11 मई 2022 को मेसर्स अशोक एचपी गैस एजेंसी, सरायपाली की जांच की गई। जांच में गैस एजेंसी के द्वारा प्रस्तुत स्टॉक रजिस्टर्ड में दर्ज सिलेण्डर व भौतिक सत्यापन में पाए गए सिलेण्डर के स्टॉक में अंतर पाए जाने के कारण एजेंसी के प्रबंधक विश्वजीत प्रधान से घरेलू गैस सिलेण्डर 14.2 क्षमता भरे हुए 253 नग एवं खाली 387 नग, व्यावसायिक गैस सिलेण्डर 19 किलो क्षमता भरे हुए 26 नग एवं खाली 164 नग तथा छोटे गैस सिलेण्डर 5 किलो क्षमता भरे हुए 28 नग एवं खाली 125 नग जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन 2000 के अंतर्गत की गई है जो आवश्यक वस्तु अधिनियमे 1955 के अंतर्गत दण्डनीय है।

### स्वामित्व योजना अंतर्गत पड़कीडीह में हलका पटवारी एवं आरआई कर रहे ड्रोन सर्वे हेतुः आबादी भूमि का सीमांकन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



स्वामित्व योजना अंतर्गत भारतीय सर्वेक्षण विभाग रायपुर जिला बेमेतरा के कुल 708 ग्रामों की आबादी भूमि प्रचलित एवं सुरक्षित आबादी कंट्रोल सर्वे किया जाना प्रस्तावित है। जिनके इनमें से जिला बेमेतरा के अंतर्गत तहसील बेमेतरा के 192 ग्रामो ड्रोन सर्वे सर्वेक्षण करना है जिसके तहत आज स्वामित्व योजना अंतर्गत पड़कीडीह मे हलका पटवारी कुंदन राजपूत एवं आर आई कर रहे है ड्रोन सर्वे हेतु: आबादी भूमि का सीमांकन।

---

# राजस्व अधिकारी मैदानी क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं का करें निदान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने जिले के राजस्व अधिकारियों के लिए बैठक विभागीय काम-काज की समीक्षा की। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक मे विवादित, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, के प्रकरणों का तहसीलवार जानकारी लेकर समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करें, अधिकारियों का संबंध आम जनता ग्रामीण व किसानों से जुड़ा होता है इस लिए सभी राजस्व अधिकारी और मैदानी कर्मचारी पटवारी मुस्तैदी से ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए आम जनता की समस्याओं से रुबरु होकर त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा दुर्गेश कुमार वर्मा, बेरला संदीप ठाकुर, साजा धनराज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, हीरा गवर्ना एवं जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री का प्रदेशव्यापी विधानसभावार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण प्रारंभ हो गया है। इस दौरान वे आम जनता से भेंट.मुलाकात भी कर रहे हैं। उन्होने मुख्यमंत्री के भ्रमण को ध्यान में रखते हुए इसकी तैयारी करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के भ्रमण के पूर्व सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने तहसील अनुविभाग के अन्तर्गत राजस्व प्रकरणों का निराकरण शीघ्र कर लेवें। इनमें अविवादित नामंतरण, बंटवारा, सीमांकन, फ ौती के प्रकरण, नवीन राशनकार्ड का निर्माण इत्यादि शामिल है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत सभी लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण कर लिया जावे। राजस्व अधिकारी संवेदनशीलता के साथ मानवीय सहानुभूति बरत कर पीड़ितों को शीघ्र लाभ पहुंचाने की दिशा मे कार्यवाही करें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजस्व प्रकरणों पर सिलसिलेवार समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नामांतरण के पुराने प्रकरण शीघ्र तथा बंटवारे के प्रकरण तीन माह तक हर हाल में निराकृत करें। सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के लिए हल्का पटवारीवार सूचीबद्ध कर लें और आगामी बैठक तक लंबित प्रकरणों का निराकरण कर लिया जावे। बैठक के दौरान ई-कोर्ट मे दर्ज प्रकरण की समीक्षाए नगरीय क्षेत्रों के अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन/आबंटन एवं भू-भाटक मद की वसूली, शासकीय विभागों को भूमि आबंटन प्रकरणों की जानकारी, नजूल पट्टा निर्माण, राजस्व प्रकरणों का निराकरण नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, बटांकन, अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही डायवर्सन भू-अर्जन की समीक्षा की।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा में पूर्ण पारदर्शिता के साथ निकाली गई लॉटरी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नगर के स्थानीय स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण पारदर्शिता के साथ कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी में छात्रों की भर्ती के लिए लॉटरी निकाली गई। स्वामी आत्मानंद विद्यालय में छात्रों की भर्ती को लेकर पालकों में रूझान को देखते हुए भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छग शासन ने कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी की कक्षा प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव दिए हैं। जिसके अनुरूप समिति के अध्यक्ष जिलाधीश विलास भोसकर संदीपान ने एलकेजी एवं यूकेजी की कक्षाएं प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। इस हेतु स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा में उक्त कक्षा के लिए ऑफ लाईन फ ार्म भरने की प्रक्रिया 01 मई 2022 से प्रारंभ हो चुकी थी। एलकेजी एवं यूकेजी की प्रत्येक कक्षा हेतु विद्यालय में क्रमशः 20-20 सीटें थी। विद्यालय में उपलब्ध सीटों के विरूद्ध क्रमशः 236 आवेदन एलकेजी की कक्षा के लिए और 182 कुल आवेदन यूकेजी की कक्षा हेतु प्राप्त हुए थे। जिसमें एलकेजी हेतु 191 आवेदन तथा यूकेजी हेतु कुल 161 आवेदन पात्र थे। प्राप्त पात्र आवेदन हेतु लॉटरी की तिथि निर्धारित करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं पालकों को इसकी पूर्व सूचना दी गई थी। जिनकी उपस्थिति में शुक्रवार को विद्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों के रूप में रेहाना वाहिद रवानी ;पार्षद वार्ड नं.21, सुश्री नीतू कोठारी पार्षद वार्ड नं.11 रानी सेन पार्षद, प्रशासनिक अधिकारी,सुनील तिवारी नोडल अधिकारी, कमोद ठाकुर जिला मिशन समन्वयक आरएमएसए, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद, समस्त शिक्षक एवं पालकों की उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ लॉटरी निकाली गई। लॉटरी निकालते समय पालकों में उत्सुकता एवं लॉटरी निकलने के पश्चात् हर्ष का भाव था। चयनित छात्रों को नियत तिथि तक आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाता की छायाप्रति पालक, राशन कार्ड व 2 पासपोर्ट साईज फ ोटो अनिवार्य रूप से जमा करने को कहा गया है।

---

# मैत्री नगर, सुन्दर नगर हनुमान मन्दिर में चोरी होना दुर्भाग्य जनक

### मन्दिर एवं धार्मिक स्थलों में इस प्रकार की चोरी में रोकथाम के लिए कड़े कानून की आवश्यकता

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र.42 के छाया पार्षद संदीप तिवारी ने मैत्री नगर, सुन्दर नगर हनुमान मंदिर में हुए चोरी की घटना को लेकर एक जारी बयान में कहा कि धार्मिक स्थलों में चोरी की वारदात होना बड़ा ही दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस प्रकार की चोरी के रोकथाम के लिए कड़े कानून की आवश्यकता है एवं चोरों को पकड़ने के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने संबंधित थाना प्रभारी से चर्चा किया गया है। आम लोगों के हित में निरन्तर कार्य कर रहे छाया पार्षद संदीप तिवारी अपने वार्ड अन्तर्गत हुए चोरी की इस घटना को दुर्भाग्यजनक बताया, साथ ही मंदिरों की दानपेटी से हुए हजारों रूपये की चोरी करने वाले चोरों को पकड़ने के लिए तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित भी किया। संदीप तिवारी ने क्षेत्र के सांसद, विधायक एवं पार्षद से निवेदन किए हैं कि पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र.42 के अन्तर्गत समस्त मन्दिर एवं धार्मिक स्थलों में अपने निधि से सीसीटीवी लगवायें। ताकि असामाजिक तत्वों से मन्दिर एवं धार्मिक स्थलों को बचाया जा सके और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, क्योंकि सीसीटीवी लगने से चोरों में पकड़े जाने का भय रहता है।



# ग्राम चनाट के बैंक ऑफ बडौदा में हुये चोरी का खुलासा, चार आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

## घटना के 12 घण्टे के भीतर ही आरोपी व चोरी की गई सामाग्री शत् प्रतिशत बरामद

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।




घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 19 मई 2022 को प्रार्थी आरीन बासु पिता इन्द्रजीत बासु उम्र 38 वर्ष सा. किशोर नगर बिलासपुर हॉल बडौदा बैंक चनाट भवरपुर के बैंक मैनेजर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18.19 मई 2022 के रात्रि 00:30 बजे तोपलाल पटेल का फौन आया कि बैंक का शटर टुटा हुआ है। तब आवेदक अपने दो सहकर्मियों के साथ ब्रॉच जाने पर देखा कि शटर टुटा हुआ था तथा 112 पुलिस को बुलाकर अन्दर जाकर देखा गया कि ब्रांच अस्त व्यस्त स्ट्रांग रूम का ताला क्षतिग्रस्त एवं दरवाजा क्षतिग्रस्त था जिसमें लनोवो कंपनी का टेबलेट 16000 रूपये नहीं था व कुल क्षतिग्रस्त और चोरी हुये सामान की राशि करीब 45000 रूपये को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है प्रार्थी की लिखित रिपोर्ट पर चैकी भवरपुर से थाना बसना महासमुन्द में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक महासमुन्द विवेक शुक्ला ने घटना की गंभीरता को देखते हुये। पुलिस अधीक्षक महासमुन्द के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पु. विकास पाटले व थाना प्रभारी बसना प्रशिक्षु निखिल रखेचा भापुसे के निर्देशन में चैकी भवरपुर पुलिस टीम आरोपी के पता तलाश करने जूट गई। पुलिस अधीक्षक महासमुन्द द्वारा 03 टीम का गठन किया गया। टीमों के द्वारा अलग-अलग कार्यो का नेतृत्व किया तथा उक्त चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र कर छोटी सी छोटी जानकारी एकत्रित कर चोरी अज्ञात आरोपियों तक पहुंचने हेतु हरसंभव प्रसाय करने निर्देशित किया गया था। पूछताछ पर मुखबिर से सूचना मिली कि 3-4 दिनों से एक इक्कों कार चनाट, भवरपुर घुमते रहती है जिसके आधार पुलिस टीम ने पतासाजी कर उक्त वाहन मालिक का नाम पता किया। जिसमें वाहन क्रमांक सीजी 11 ई 9205 कमल साहू सरायपाली के नाम पर था। मुखबिर के निशानदेही पर पुलिस टीम उक्त संदेही को ग्राम ढुटीकोना सरायपाली में घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम 01 कमल साहू पिता डिग्रीलाल साहू उम्र 32 वर्ष सा.ग्राम ढुटीकोना सरायपाली महासमुन्द का निवासी है। पूछताछ करने पर पुलिस की टीम को गोलमोल जवाब देने लगा। पुलिस की टीम के द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर बताया कि 3-4 रोज से तुलसी निषाद, हरिशंकर निषाद रितेश शर्मा के साथ मिलकर योजना बनाये कि बैंक ऑफ बडौदा शाखा चनाट भवरपुर में चोरी करेंगें और 3.4 दिन तक बैंक का रैकी कर 18 मई 2022 को रात्रि में मेरे इको कार क्रमांक सीजी 11 ई 9205 में हरिशंकर निषाद, तुलसी निषाद, रितेश शर्मा के साथ राड, छैनी, पेचकस लेकर चनाट बडौदा बैंक गये और चारों मिलकर बैंक के शटरए चैनल गेट व ताला को तोडे रितेश शर्मा एक टैबलेट को चोरी कर रखा है। उक्त आरोपी के बताये अनुसार आरोपी 02 रितेश शर्मा पिता स्व. हरीश शर्मा उम्र 32 वर्ष सा. मधुबन भवरपुर बसना महासमुन्द को ग्राम मधुबन घर से घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे 01 नग लनोवो कंपनी का टैबलेट कीमति 16000 जप्त किया गया तथा आरोपी 03 हरीश निषाद पिता धन्नू निषाद उम्र 22 वर्ष सा. ग्राम ढुटीकोना सरायपाली महासमुन्द व 04 तुलशी निषाद पिता मन्नू निषाद उम्र 23 वर्ष सा.ग्राम ढुटीकोना सरायपाली महासमुन्द को घेराबंदी कर घर से गिरफ्तार किया गया जिनके पास राड, छैनी, पेचकस आदि जप्त किया गया आरोपी कमल साहू एवं रितेश शर्मा के कब्जे से 01 नग लनोवो कंपनी का टैबलेट कीमति 16000 रूपये व एक इकों वाहन क्रमांक सीजी 11 ई 9205 कीमति 3,00,000रूपये कुल जुमला कीमति लगभग 3,16,000 रूपये जप्त आरोपी के विरूध्द थाना बसना में धारा 457, 380 भादवि के तहत् कार्यवाही की गई। यह सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के मार्गदर्शन में अति.पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भुरकर साहू एवं अनु.अधिकारी पु.सरायपाली विकास पाटले के निर्देशन में थाना बसना प्रभारी प्रशिक्षु निखिल रखेचा भापुसे चैकी भवरपुर प्रभारी उप निरीक्षक स्वराज त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक जनक राम उराव राजेंद्र व्यवहार, आरक्षक धनाराम कुर्रे, गोपाल साहू,ललित यादव,जैलेंद्र देवांगन, यूचंद वंशे, देवेंद्र साहू तथा पुलिस टीम के द्वारा की गई है।



सिंगर की शादी

# दूसरी बार शादी के बंधन में बंधेगी कनिका कपूर, बेबी डॉल ने शेयर की मेंहदी सेरेमनी की फोटोज




कनिका ने फोटोज शेयर करते हुए एक प्यारा कैप्शन लिखा, जी (G) आई लव यू सो मच। फोटोज में सिंगर बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। वहीं उनके बॉयफ्रेंड गौतम ने सेरेमनी के लिए बीज कलर का कुर्ता-पायजामा पहना हुआ है।



बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर आज (20 मई) को दूसरी बार शादी करने जा रही हैं। कनिका अपने बॉयफ्रेंड लंदन बेस्ड बिजनेसमैन गौतम के साथ सात फेरे लेंगी। उन्होंने हाल ही में अपने मेंहदी फंक्शन की फोटोज शेयर की, जिसके साथ उन्होंने गौतम के लिए रोमांटिक कैप्शन लिखा। फोचोज में सिंगर पेस्टल ग्रीन लंहगा के साथ फ्लोरल ज्वैलरी पहने नजर आ रही हैं।

# मानुषी छिल्लर ने फिल्म के लिए क्लासिकल डांस, घुड़सवारी, तीरंदाजी और तलवारबाजी सीखी, बोलीं- मुझे अभी बहुत लंबा सफर तय करना है

**मुंबई।** अक्षय कुमार और मानुषी छिल्लर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म पृथ्वीराज को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म बेखौफ-शक्तिशाली राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन और उनके पराक्रम पर आधारित है। अक्षय फिल्म में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्होंने भारत की रक्षा के लिए गोर के बेरहम आक्रमणकारी शासक मुहम्मद से बहादुरी के साथ लड़ाई लड़ी थी। वहीं मानुषी फिल्म में पृथ्वीराज की प्रेमिका राजकुमारी संयोगिता की भूमिका निभा रही हैं।



मानुषी बताती हैं कि पृथ्वीराज की तैयारियों के दौरान उनका लंबा और बेहद व्यस्त प्रिपरेशन शेड्यूल रहा। इस दौरान उन्होंने अपनी क्लासिकल डांसिंग स्किल्स को निखारने के साथ ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और तलवारबाजी भी सीखी है।

मानुषी कहती हैं, मेरा प्रिपरेशन शेड्यूल लंबा और इंटेंस रहा। आदि सर और मेरे निर्देशक डॉ. चंद्रप्रकाश जी चाहते थे कि अपना पहला शॉट भी देने से पहले मैं उसकी तैयारी करूं और जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मैं इस बात की शुक्रगुजार हूं कि मैंने कड़ी मेहनत की। मैं एक प्रशिक्षित क्लासिकल डांसर हूं और इस फिल्म ने मुझे अपनी डांसिंग स्किल्स को निखारने में मदद की, क्योंकि फिल्म में मेरे ऊपर तीन गाने हैं।

मानुषी ने आगे बताया, मुझे कोरियोग्राफी करना था, खासकर हद कर दे गाने में। यह एक खूबसूरत होली सॉन्ग है और इसके लिए मुझे परफेक्ट होने की जरूरत थी। और इस फैक्ट को दर्शकों को दिखाना भी था कि मैं अच्छा डांस कर सकती हूं। उम्मीद करती हूं कि मैं लोगों को यह दिखाने में कामयाब रही हूं कि मैं एक हार्ड-वर्किंग एक्टर हूं जो अपनी पहली फिल्म से परफेक्शन की तलाश कर रही है

एक्ट्रेस ने कहा, मुझे अभी मीलों लंबा सफर तय करना है और सीखने के लिए बहुत कुछ है। लेकिन मेरी निगाहें पुरस्कारों पर हैं। मुझे तीरंदाजी और घुड़सवारी जैसे कुछ दिलचस्प स्किल सेट्स भी सीखने थे। मुझे यह स्वीकार करना होगा कि इन्हें सीखने में मुझे बहुत मजा आया। बचपन में मैंने घुड़सवारी सीखी है। क्योंकि मेरे पिताजी मुझे और मेरे भाई-बहनों को घुड़सवारी कराने के लिए ले जाया करते थे। इसलिए मुझे इसके बेसिक्स पता थे, लेकिन मुझे कभी घोड़े को सरपट नहीं दौड़ाना पड़ा।

# पॉप सिंगर रिहाना और बॉयफ्रेंड रैपर रॉकी बने पेरेंट्स, सिंगर ने दिया बेटे को जन्म

हॉलीवुड पॉप सिंगर रिहाना और रैपर रॉकी पेरेंट्स बन गए हैं। रिहाना ने एक बेटे को जन्म दिया है। ञरूंकी रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना का बच्चा मई 13 को लॉस एंजिलिस के अस्पताल में पैदा हुआ है। रैपर रॉकी रिहाना के बॉयफ्रेंड हैं, अब फैंस ये उम्मीद लगा रहे हैं कि दोनों जल्द ही शादी कर लेगें। रॉकी और रिहाना एक दूसरे को काफी लंबे वक्त से डेट कर रहे थे। हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते को 2021 में ऑफिशियल किया था।

## कपल पेरेंट्स बन बहुत खुश है

पीपल मैग्जीन की रिपोर्ट के अनुसार, कपल के करीबी ने बताया कि रिहाना और रॉकी बच्चे के साथ अपने लॉस एंजिलिस स्थित घर पर हैं। रिहाना अभी पूरी तरह ठीक हैं और दोनों पेरेंट्स बनकर बहुत एक्साइटेड भी हैं। हालांकि अभी तक रिहाना और रॉकी किसी ने भी बच्चे की खबर पर पुष्टि नहीं की है।



## ब्रेकअप के हुए थे चर्चे

*कपल की प्रेग्नेंसी की खबर के कुछ महीने पहले बॉयफ्रेंड रॉकी पर रिहाना से चीट करने का इल्जाम लगा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रॉकी अपनी गर्लफ्रेंड रिहाना के ब्रांड फेंटी फुटवियर की डिजाइनर अमीना मुआदी को डेट कर रहे थे। जब इसके बारे में रिहाना को पता चला तो दोनों अलग हो गए थे। हालांकि अमीना ने इन सारी रिपोर्ट्स को खारिज कर अपने सोशल मीडिया पर बयान जारी किया था।*

# समर सीजन में वेट लॉस के लिए छाछ में मिलाएं ये चीजें, डाइजेशन रहेगा बेहतर और नहीं लगेगी लू

वजन घटाने के लिए जब भी किसी हेल्दी ड्रिंक की बात होती है, तो हमेशा देसी चीजों का नाम सबसे पहले लिया जाता है। समर सीजन की बात करें, तो इस गर्म मौसम में छाछ यानी बटर मिल्क को सबसे बेस्ट ऑप्शन माना जाता है। यह ठंडा दही, पानी और जीरा और पुदीना जैसे मसालों का एक स्वादिष्ट मिश्रण है, जो आपको लू से बचाने के साथ आपके डाइजेशन को भी बेहतर बनाता है। आयुर्वेद के अनुसार लंच के बाद छाछ का सेवन करना सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह पचने में आसान होता है। वहीं, रात में इससे बचना चाहिए क्योंकि यह वात और पित्त को बढ़ा सकता है, जिससे शरीर में असंतुलन पैदा होगा। छाछ को ज्यादा पौष्टिक बनाने के लिए आप इसमें कुछ और चीजें मिला सकते हैं। आइए, जानते हैं-



-छाछ में थोड़ा ताजा पिसा हुआ जीरा पाउडर मिलाएं। यह न केवल गैस्ट्रिक प्रॉब्लम्स को कम करने में मदद करेगा बल्कि वजन घटाने में भी मदद करेगा।

-अदरक को ताजा पीसकर उसका रस निकाल लें। इस अदरक के रस का 1 चम्मच ताजा छाछ में मिलाएं। इससे डाइजेशन के साथ एक्सट्रा फैट निकालने में भी मदद मिलेगी।

-अगर आप मसाला पसंद करते हैं, तो एक गिलास छाछ में ताजी हरी मिर्च का पेस्ट मिलाएं। यह डाइजेशन को बेहतर बनाने के साथ-साथ मेटाबॉलिज्म के लिए भी अच्छा है।

-छाछ में हमेशा थोड़ा सा सेंधा/गुलाबी नमक मिलाएं। जिन लोगों को ज्यादा पसीना आता है, उन्हें यह उपाय जरूर करना चाहिए। इससे बॉडी हाइड्रेट रहती है।

-वजन घटाने के लिए छाछ में पुदीना मिलाना सबसे ज्यादा कारगर है। इससे गैस्ट्रिक प्रॉब्लम दूर होने के साथ पेट में ठंडक बनी रहती है। पुदीने की ठंडक से लू लगने का खतरा कम होता है।

## खेल

# 627 रन बना चुके हैं बटलर, 16 विकेट चटका चुके हैं ब्रावो

आज IPL 15 के 68वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स की टीमें आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। RR 13 मुकाबले खेल कर 8 में जीत हासिल कर चुकी है और पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर मौजूद है। उसका नेट रन रेट +0.304 है।

CSK 13 मुकाबले खेल कर सिर्फ चार में जीत हासिल कर सकी। उसका नेट रन रेट -0.206 है। दोनों ही टीमों में दिग्गज खिलाड़ियों की भरमार है। ऐसे में मुकाबला दिलचस्प होने की पूरी उम्मीद है। आइए, आपको बताने का प्रयास करते हैं किन खिलाड़ियों को फैंटेसी टीम का हिस्सा बनाने पर अधिक पॉइंट्स जीत सकते हैं।




विकेटकीपर के तौर पर जोस बटलर, संजू सैमसन और महेंद्र सिंह धोनी को चुना जा सकता है। बटलर इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। चेन्नई के खिलाफ वह एक और आकर्षक पारी खेल सकते हैं। संजू अच्छे टच में नजर आए हैं। टीम को टॉप 2 में पहुंचाने के लिए वह कप्तानी पारी खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

महेंद्र सिंह धोनी ने शानदार शॉट खेलते हुए कुछ मुकाबलों में चेन्नई को बड़े स्कोर तक पहुंचाया है। धोनी एक और धुआंधार पारी खेलते हुए दिखाई पड़ सकते हैं।

ऋतुराज गायकवाड़, रॉबिन उथप्पा और देवदत्त पडिक्कल बतौर बल्लेबाज टीम में लिए जा सकते हैं। गायकवाड का बल्ला प्रतियोगिता के लास्ट फेज में जमकर बोल रहा है। वह ओपनिंग करते हुए आपको काफी फेंटेसी पॉइंट्स दिला सकते हैं।

देवदत्त पडिक्कल राजस्थान के लिए बतौर ओपनर और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज के रूप में बेहतरीन लय में खेलते दिखे हैं। उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। मोईन अली और आर अश्विन को हरफनमौला खिलाड़ियों के रूप में चुना जा सकता है। मोईन विकेट निकालने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दे सकते हैं। अश्विन को राजस्थान लगातार टॉप ऑर्डर में आजमा रहा है। उनकी गेंदबाजी भी पॉइंट्स के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

लैनिंग करेंगी टीम की अगुवाई

# 2022 की वर्ल्ड चैंपियन टीम में बदलाव नहीं



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अपनी महिला टीम घोषित कर दी है। उसने बर्मिंघम में होने वाले गेम्स के लिए 2022 की वर्ल्ड चैंपियन टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। मेग लैनिंग इस अपरिवर्तित महिला टीम का नेतृत्व करेगी।

टीम नए कोच शेली निट्स्के के साथ बर्मिंघम के लिए कूच करेगी, क्योंकि टीम के मुख्य कोच मैथ्यू मोट ने इंग्लैंड के साथ काम करने के लिए ऑस्ट्रेलिया का साथ छोड़ दिया है।

फिलहाल, शेली निट्स्के को अंतरिम रूप से ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच का पदभार सौंपा गया है। मैथ्यू मोट को हाल ही में इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम का मुख्य कोच घोषित किया गया है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का आयोजन बर्मिंघम में 28 जुलाई से 8 अगस्त के बीच किया जाना है।

## एक नजर

निखत जरीन ने जीता गोल्ड

# वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड की जुटामास जितपोंग को हराया, 4 साल बाद भारत को गोल्ड



**इस्तांबुल।** भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन ने विमेंस वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में देश के लिए इकलौता गोल्ड मेडल जीता। 25 साल की निखत ने फ्लाई वेट कैटेगरी (52 चत्त) के फाइनल में थाईलैंड की जुटामास जितपों को हराया। भारत की युवा मक्केबाज ने यह बाउट 5-0 से एकतरफा अंदाज में अपने नाम किया। भारत को महिला वर्ल्ड चैंपियनशिप में 4 साल बाद गोल्ड मिला है। इससे पहले 2018 में एमसी मेरीकॉम चैंपियन बनी थीं।

## भारत का अब तक का 10वां गोल्ड

भारत ने विमेंस वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के इतिहास में 10वां गोल्ड मेडल जीता है। 6 गोल्ड मेडल अकेले एमसी मेरीकॉम ने जीता था। इन दोनों के अलावा देश के लिए सरिता देवी, जेनी आरएल और लेखा सी ने भी गोल्ड जीता है।

## चैंपियनशिप के इतिहास में भारत तीसरा सबसे सफल देश

भारत ने इस बार 1 गोल्ड और 2 ब्रॉन्ज जीता है। अब तक हुए 12 टूर्नामेंट में भारत को कुल 10 गोल्ड, 8 सिल्वर और 19 ब्रॉन्ज मेडल मिले हैं। 37 मेडल के साथ भारत इस इवेंट का तीसरा सबसे सफल देश है। रूस ने सबसे ज्यादा 60 और चीन ने 50 मेडल जीते हैं। भारत का इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 में रहा है जब देश ने चार स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित आठ पदक जीते थे।

## पहले राउंड में जोरदार खेल, दूसरे में पिछड़ीं

निखत ने बाउट की शुरुआत शानदार अंदाज में की और पहला राउंड 5-0 के अंतर से अपने नाम किया। दूसरे राउंड में थाई मुक्केबाज ने वापसी की और इसे 3-2 से जीतकर मुकाबले में वापसी के संकेत दिए। निखत ने तीसरे राउंड में फिर से दमखम लगाया और इसमें जीत हासिल करते हुए बाउट को ओवरऑल 5-0 के अंतर से जीत लिया। यहां 5-0 का मतलब यह है कि मैच के सभी पांच लाइन जज ने निखत को ही विजेता माना।

किंग की विराट वापसी

# गुजरात के खिलाफ दिखा पुराना अंदाज, 8 चौके और 2 छक्के जड़े-RCB के लिए 7 हजार रन पूरे किए

**मुंबई।** इंडियन क्रिकेट फैंस को जिस लम्हे का लंबे अरसे से इंतजार था, वह आखिरकार आ गया। कोहली ने गुजरात के खिलाफ तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए फॉर्म में वापसी का ऐलान किया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ तेज अर्धशतक बनाते हुए अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। अपनी 73 रनों की पारी में कोहली ने 54 गेंदें खेलीं। इस आतिशी पारी के दौरान विराट के बल्ले से आठ चौके और दो खूबसूरत छक्के निकले। विराट जिस अंदाज में खेल रहे थे, वह काफी वक्त बाद देखने को मिला। कोहली अपने हर शॉट का जश्न मना रहे थे और बार-बार फैंस की तरफ इशारे कर रहे थे।




## छक्का लगाकर पूरा किया अर्धशतक

गुजरात के खिलाफ विराट ने सीजन की पहली फिफ्टी लगाई थी, लेकिन तब उन्होंने काफी धीमी बल्लेबाजी की थी। परिणाम यह हुआ कि टीम को हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, इस बार वे GT के बॉलर्स पर टूट पड़े और छक्का लगाकर 33 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। फिफ्टी बनाने के बाद भी विराट ने तेजी से रन बनाना जारी रखा।

फ्रेंच ओपन का ड्रॉ जारी

# जोकोविच, नडाल को मैड्रिड ओपन में हराने वाले कार्लोस अल्कराज एक ही ग्रुप में; फाइनल से पहले हो सकती है भिड़ंत

फ्रेंच ओपन का ड्रॉ जारी हो गया है। 22 मई से शुरू होने वाले इस ग्रैंड स्लैम में डिफेंडिंग चैंपियन नोवाक जोकोविच, 13 बार के विजेता राफेल नडाल और उभरते स्टार कार्लोस अल्कराज एक ही ग्रुप में शामिल हैं। अल्कराज ने हाल ही में मैड्रिड ओपन टेनिस का खिताब जीता था। उन्होंने खिताब तक के सफर में जोकोविच, नडाल और जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था।



दो बार के विजेता और 20 ग्रैंडस्लैम हासिल कर चुके जोकोविच और नडाल क्वार्टर फाइनल से पहले ही एक-दूसरे के आमने- सामने हो सकते हैं। नडाल 22वें ग्रैंड स्लैम के लिए फ्रेंच ओपन में उतरेंगे। नडाल ने अब तक 13 फ्रेंच ओपन के अलावा, 2 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2 विंबलडन ओपन और 4 स ओपन जीते हैं। इस साल की शुरुआत उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताब से की है। वहीं, 2020 में आखिरी बार उन्होंने फ्रेंच ओपन जीता था। जोकोविच 21वें ग्रैंड स्लैम जीतकर नडाल की बराबरी करने के लिए फ्रेंच ओपन में उतरेंगे। अब तक उन्होंने 20 ग्रैंड स्लैम में 8 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2 बार फ्रेंच ओपन, 6 बार विंबलडन ओपन और 3 बार स ओपन का खिताब अपने नाम किया है।

# मर्दापाल में पहली पीढ़ी के डेयरी उद्यमी हो रहे तैयार, अर्जुन बघेल ने सरकारी मदद से कुरुसनार में तैयार की डेयरी यूनिट












**कोण्डागांव।** बस्तर का इलाका हमेशा से दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में पीछे रहा है क्योंकि यहां पर दूध के लिए गोपालन की परंपरा नहीं है। राज्य शासन ने डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय किसानों को प्रोत्साहित किया। इसका परिणाम दिखना शुरू हुआ है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी उद्यमी तैयार होने आरंभ हो गए हैं। कुरूसनार के अर्जुन बघेल ऐसे ही एक उद्यमी हैं। उन्होंने इंग्लैंड की सबसे चर्चित प्रजाति क्रॉस एचएफ गाय डेयरी उद्यमिता योजना के अंतर्गत ली है। उन्हें एक लाख 40 हजार रुपये में यह गाय मिली। इसके लिए शासन की ओर से उन्हें 92 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ।

अर्जुन बघेल अब डेयरी का दूध मर्दापाल में बेच रहे हैं। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को बताया कि खेती-किसानी के अतिरिक्त अब पशुपालन भी मेरे लिए आय का माध्यम साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि डेयरी उद्यमिता योजना के माध्यम से उन्हें जो लाभ हुआ है, उससे प्राप्त आय से वे उद्यम का विस्तार करेंगे।

### भेंट मुलाकात - मर्दापाल

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से कुरुसनार की रहने वाली एक महिला ने शिकायत की कि उसकी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है, जिस पर मुख्यमंत्री ने उसे आश्वासन दिया कि उसके साथ अन्याय नहीं होगा और कलेक्टर को इस मामले में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।






## गम्भीर हृदय रोग से जूझ रही बिटिया मुस्कान और स्वीटी के चेहरे पर लौटेगी मुस्कुराहट, होगा मुफ्त इलाज

मुख्यमंत्री ने कंजेनाइटल हार्ट डिसीज से ग्रसित बच्चियों के त्वरित इलाज के दिये निर्देश

**नारायणपुर।** विधानसभा के ग्राम मर्दापाल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने गम्भीर हृदय रोग से जूझ रही मुस्कान बघेल और स्वीटी से मुलाकात की। 9 वर्षीय बालिका स्वीटी की माता श्रीमती केवली ने मुख्यमंत्री का बताया कि स्वीटी गम्भीर हृदय रोग से पीड़ित है। वहीं 8 वर्षीय बालिका मुस्कान बघेल की माता ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी बच्ची को भी हृदय की बीमारी है। दोनों बच्चियां कंजेनाइटल हार्ट डिसीज से जूझ रही हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बच्चियों की तकलीफ सुनकर तुरन्त उनके बेहतर से बेहतर इलाज के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने बच्चियों की माताओं को खूबचन्द बघेल योजना और विशेष स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के बारे में भी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि चिरायु कार्यक्रम के तहत दूरस्थ क्षेत्रों के आंगनवाड़ी केंद्र और स्कूलों में बच्चों की गम्भीर बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य सम्बंधित दिक्कतों के निदान के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्क्रीनिंग की जा रही है ताकि ग्रामीण बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें। इसी कार्यक्रम के तहत मुस्कान और स्वीटी की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें जांच के बाद इन्हें कंजेनाइटल हार्ट डिसीज का पता चला।





## सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक हुई सम्पन्न

कोंडागांव जिले के साथ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज नारायणपुर व कांकेर जिले के पदाधिकारी भी रहे मौजूद



**कोंडागांव।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कोंडागांव की बैठक 20 मई दिन शुक्रवार को देवांगन समाज भवन कोंडागांव गांधी वार्ड में संपन्न हुई बैठक में सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कोंडागांव के पदाधिकारीयों के साथ पिछड़ा वर्ग अंतर्गत आने वसली समस्त समाजों के समाज प्रमुख एवं सर्व पिछड़ा वर्ग समाज कांकेर व नारायणपुर जिला के पदाधिकारीयों की मौजूदगी मे सर्व पिछड़ावर्ग समाज के सम्पूर्ण बस्तर संभाग में संगठन विस्तार पर चर्चा हुई एवं उपस्थित सभी जनों के बिच मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सर्व पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा सौपे जाने वाले ज्ञापन तैयार की गयी साथ ही पेशा क़ानून मे बस्तर मे निवासरत पिछड़ावर्ग के मूलनिवासी जातियों को शामिल करने के साथ साथ आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में रितेश पटेल जिला अध्यक्ष रितेश पटेल,रैमल दीवान महामंत्री, आईसी निषाद कोषाध्यक्ष, योगेश्वर साहू सचिव, नीलकंठ शार्दुल प्रवक्ता, अमित गुप्ता मीडिया प्रभारी, पीडी विश्वकर्मा उपाध्यक्ष ,मनोज देवांगन उपाध्यक्ष बालकुवंर प्रधान संरक्षक, गोकुल मानिकपुरी संरक्षक, मणि शंकर देवांगन संरक्षक, भारत जैन संरक्षक, डी एस साहू,संरक्षक सहित जगन्नाथ साहू जिला अध्यक्ष कांकेर ,माधेश्वर जैन ,गीतेश पांडे, अरविंद जैन भानूप्रतापपुर विजय पटेल दुर्ग कोंदल, कामेश्वर लाल साहू फरस गांव, अविनाश देवांगन नारायणपुर, रमेश प्रधान मकड़ी, घनश्याम नेवरिया नारायणपुर ,आनंत जैन, पांचिया राम चौहान, डीआर देवांगन महेंद्र कुंभकार, दयालु यादव अध्यक्ष कोरर, उकील मानिकपुरी ,राजकुमार साहू ब्लॉक अध्यक्ष चारामा, नरोत्तम वैष्णव, देवेंद्र सिन्हा चारामा ,खेदुराम भारद्वाज के साथ भारी संख्या मे पिछड़ा वर्ग समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत,एक गम्भीर

**कोंडागांव ।** जिले में हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। वही हादसे में एक युवती गंभीर रूप से घायल हुई है। हादसा रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे-30 पर हुआ है। यहाँ एक तेज रफ़्तार बस ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में मृतकों की पहचान मंगतू नेताम व संतु नेताम के रूप में हुई है। हादसा इतना भीषण था कि मंगतू नेताम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबक, गोडमा के रहने वाला युवक संतु नेतान (30), मंगतू नेताम (25) और एक युवती तीनों स्कूटी में सवार होकर कोंडागांव जा रहे थे। इस बीच नेशनल हाईवे पर ही जुगानी पुल के पास एक बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। बस की टक्कर से स्कूटी हवा में उछल कर दूर जा गिरी।स्कूटी सवार तीनों कोंडागांव जा रहे थे। हादसे में मंगतू नेताम ने मौके पर ही मौत गई। वही संतु नेताम और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए अस्पात में भर्ती कराया गया था। जहां संतु नेताम ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बीजापुर में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों ने की भेंट











**जगदलपुर।** महार, जैन, तेलगा एवं माहरा समाज के सामाजिक भवन निर्माण प्रत्येक के लिए पन्द्रह-पन्द्रह लाख रुपये की मंजूरी महार एवं मसीह समाज के सामाजिक भवन हेतु भूमि आबंटित करने की स्वीकृति मसीह समाज को कब्रिस्तान के लिए मिलेगी 5 एकड़ भूमि माहेश्वरी एवं मसीह समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए दस-दस लाख रुपये की स्वीकृति प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों ने मानदेय वृद्धि करने के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रति जताया आभार मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अधिवक्ता संघ की मांग पर जिले में आवश्यकता के अनुरूप नोटरी नियुक्त करने के दिये निर्देश।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर के वरिष्ठ पत्रकार शंकर तिवारी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर के वरिष्ठ पत्रकार श्री शंकर तिवारी के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल और मीडिया प्रतिनिधियों ने आज बीजापुर में प्रेसवार्ता के पहले दो मिनट का मौन धारण कर श्री तिवारी को श्रद्धांजली दी। श्री तिवारी का रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से बस्तर की पत्रकारिता में सक्रिय रहे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्री तिवारी के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री ने मर्दापाल में ग्रामीण भोला राम भोयर के घर पर उनके साथ जमीन पर बैठकर किया भोजन



**नारायणपुर।** भोजन में स्थानीय व्यंजन चरोटा भाजी और हिरवां की सब्जी, रोटी, दाल, चावल, आम की चटनी, चेंच भाजी, कोलियरी भाजी और भिंडी मुख्यमंत्री ने श्रीमती मिटकी बाई सहित घर की महिलाओं को साड़ी और बच्चों को चॉक्लेट भेंट किया मुख्यमंत्री ने कहा- बढ़िया भोजन कराया, धन्यवाद ! मोहल्लेवासियों से भी जाना हाल चाल।

### एटीएम मशीन तोड़ा, पैसे निकलता इसके पूर्व पहुंच गई पुलिस धर दबोचा, आरोपी पंकज राजपूत को

**कवर्धा।** थाना में दिनांक 19.05.2022 को प्रार्थी इमरान मेमन पिता अब्दूल रज्जाक द्वारा सूचना दी गई कि उसके घर के सामने लगे इंडिया वन एटीएम मशीन मे कोई अज्ञात व्यक्ति काफी देर से घुसा हुआ है जिसकी गतिविधिया संदिध्द लग रही है।

सूचना पर तत्काल थाना पेटोलिग टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति एटीएम के अंदर लगे मशीन को चोरी करने के नियत से तोडफोड कर रहा था, जिसे मौके पर हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम पंकज राजपूत साकिन सहसपुर का होना बताया और एटीएम के पैसे चोरी करने के नियत से एटीएम मे तोडफोड करना बताये लिहाजा आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 156/2022 धारा 379,511,427 भादवि पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिसंगत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। थाना सहस पुर लोहारा क्षेत्र के आमजन की सर्तकता एंव लोहारा पुलिस के त्वरित कार्यवाही से गंभीर अपराध घटित करने से पहले ही आरोपी को रंगे हाथ पकडा गया । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी के नेतृत्व मे उप0 निरी0 डोमार साहू, सउनि सुनिल यादव, प्रआर लक्ष्मीनारायण, आर0 राजू सोनवानी का सराहनीय योगदान रहा।

### पुराना रक्षित केन्द्र कवर्धा स्थित फोर्स एकेडमी क्लास के सामने किया वृक्षारोपण

**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस द्वारा चलाये जा रहे फोर्स एकेडमी क्लास के सामने नवयुवकों को अध्ययन हेतु बेहतर वातावरण उपलब्ध कराये जाने एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए फोर्स एकेडमी संस्थापक पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह ने पुराना रक्षित केन्द्र कवर्धा स्थित फोर्स एकेडमी क्लास के सामने सभी प्रशिक्षणरत् युवाओं एवं जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण किया गया तथा प्रशिक्षणरत् युवाओं को पुलिस अधीक्षक ने वृक्षारोपण करने से हमारे पृथ्वी में जितने ज्यादा पेड़ पौधे होंगे उतनी ही धरती पर हरियाली और खुश्याली बानी रहती है, के संबंध में जानकारी दिया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, श्रीमती मोनिका सिंग परिहार, उप पुलिस अधीक्षक, के.के. वासनिक उप पुलिस अधीक्षक नक्सल, जगदीश उइके पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला, संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल, पंकज पटेल उप पुलिस अधीक्षक अजाक, जय सिंह मेरावी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, महेश्वर सिंह रक्षित निरीक्षक कवर्धा एवं फोर्स एकेडमी के ट्रेनर एवं प्रशिक्षणरत् युवा उपस्थित रहें।

### देव विदाई के साथ कोटेश्वर महोत्सव का हुआ समापन

तीन दिनी कोटेश्वर महोत्सव में लगा रहा भक्तों का मेला

**नगरी ।** सप्तऋषियों की तपोभूमि सिहावा नगरी वनांचल के कुंजर वन ग्राम कोटाभर्री डोंगरडुला में प्रगटित विख्यात स्वयंभू ज्योतिर्लिंग भीमाकोटेश्वर महादेव प्रागट्य दिवस के अवसर पर त्रिदिवसीय कोटेश्वर महोत्सव का आयोजन 17 मई से19 मई तक स्थान कोटेश्वर धाम कोटाभर्री डोंगरडुला में किया गया जंहा पर भगवान कोटेश्वर के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।कोटेश्वर धाम में आमंत्रित देवी देवताओं का भी लोग दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्तकिये और मंडई मेला का आनन्द लिए है।,कोटेश्वर महोत्सव का शुभारंभ 17 मई मंगलवार को क्षेत्र से आमंत्रित देवी देवताओं का स्वागत ,देव परघाई ,और पूजन कर हुआ तथा शाम को जातरा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ वही 18 मई बुधवार को भव्य मंडई मेला में देव पूजन,देव विग्रह,डांग डोली के साथ देव सवार बैगाओं ने भीमा कोटेश्वर महादेव की ढाई परिक्रमा कर मड़ई बिहरने का रस्म अदाकिये गए जिसमें भी लोग साथ साथ चलकर परिक्रमा किये ,देवी देवताओं के द्वारा नृत्यों का प्रदर्शन किया गया जिसे देखने भारी भीड़ उपस्थित था,वही सायं को अचानक मौसम की खराबी के कारण लोक रंग अर्जुन्दा का कार्यक्रम विलम्ब से शुरू हुआ परन्तु जिसे देखने दूर दूर से लोग रात्रि में भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और देरात तक कार्यक्रम का लुफ्त उठाते रहे।

कोटेश्वर महोत्सव के आखरी दिन 19 मई गुरुवार को आमंत्रित देवी देवताओं की पूजन के साथ भेंट सामग्री प्रदान कर विदाई कर कोटेश्वर महोत्सव का समापन किया गया।इस दौरान त्रिदिवसीय कोटेश्वर महोत्सव को सफल बनाने के लिए कोटेश्वर धाम समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों,श्रद्धालुओं,शासन,पुलिस प्रशासन,मिडिया का आभार व्यक्त किया है।इस त्रिदिवसीय कोटेश्वर महोत्सव को सफल बनाने में मुख्य तौर से मुख्य संरक्षक मनोज सिंह मंडावी उपाध्यक्ष छ.ग.विधानसभा, विष्णु यादव,रघु यादव,सियाराम ध्रुव,दिनेश साहू,अगहन सिंह,गौतम मरकाम,पूसउ मरकाम, शत्रुघ्न साक्षी,गोलू मालू,सचिन भंसाली,किशन गजेंद्र, त्रिभुवन तिवारी,राजेन्द्र साहू,तुकेश्वर साहू,कृष्ण भास्कर, डोंगर बाबा,पल्लू बाबा,नन्दलाल यादव, सहित आठ पंचायत के ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा है।

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, शनिवार 21 मई 2022

# जिला चौपाल में प्रभारी मंत्री ने की धमतरी के विकास की संभावनाओं पर परिचर्चा

धमतरी। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने जिला चौपाल कार्यक्रम में हिस्सा लेकर धमतरी जिले में पर्यटन, संस्कृति एवं पारम्परिक धरोहरों के विकास की संभावनाओं को लेकर चर्चा की।








कार्यक्रम में उन्होंने परिचर्चा के दौरान बताया कि जिले में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने विभिन्न मार्गों पर सड़कों का जाल बिछाया जा रही है, वहीं ब्रॉडगेज रेललाइन के अस्तित्व में आ जाने से जिलावासियों को बड़ी सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी। सरकार द्वारा सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने के संबंध में जिले की प्रभारी मंत्री ने अपने विचार व्यक्त किए। स्थानीय विंध्यवासिनी वार्ड के सामुदायिक भवन में आज शाम को एक प्रादेशिक क्षेत्रीय समाचार चैनल के जिला चौपाल कार्यक्रम के तहत 'कल, आज और कल' विषय पर आधारित परिचर्चा में मुख्य अतिथि की आसंदी से केबिनेट मंत्री श्रीमती भेड़िया ने बताया कि एक ओर धमतरी जिला प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है, वहीं चार जलाशयों वाले इस जिले में जल संसाधन की भी पर्याप्तता है। उन्होंने पर्यटन विकास की संभावनाओं के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि राम वनगमन पथ, देवगुड़ी विकास सहित आदिवासी संस्कृति और पारम्परिक धरोहरों को सहेजने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में लगातार प्रयास हो रहे हैं और आगे भी जिले को उन्नत बनाने की कवायद सरकार द्वारा की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने यह भी बताया कि मौजूदा बजट के साथ-साथ आगामी बजट में भी इसके लिए बड़े पैमाने पर प्रावधान किए जाएंगे। प्रदेश की मौजूदा सरकार नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी को सहेजने सुराजी गांव जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित कर रही हैं। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश के साथ-साथ जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन की स्थापना की गई है, जिसके तहत आगामी पांच सालों में 15 लाख युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की कार्ययोजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तैयार की जा रही है।

परिचर्चा में मौजूद सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने आदिवासी अंचल में हो रहे विकास कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी तथा क्षेत्र की पारम्परिक धरोहरों का संवर्द्धन व संरक्षण करने लगातार सरकार का ध्यानकर्षण करने की बात कही। इसमें पूर्व विधायक धमतरी श्री गुरूमुख सिंह होरा और श्री नीलम चंद्राकर ने भी परिचर्चा में भाग लेते हुए जिले में औद्योगिक विकास की संभावनाएं, नवीन औद्योगिक नीति के सकारात्मक परिणामों पर भी संक्षिप्त में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री पीएस एल्मा, एसपी श्री प्रशांत ठाकुर सहित नगर के गणमान्य नागरिक व विभिन्न वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

## पुराना रक्षित केन्द्र कवर्धा स्थित फोर्स एकेडमी क्लास के सामने किया वृक्षारोपण

**कवर्धा** । कबीरधाम पुलिस द्वारा चलाये जा रहे फोर्स एकेडमी क्लास के सामने नवयुवकों को अध्ययन हेतु बेहतर वातावरण उपलब्ध कराये जाने एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए फोर्स एकेडमी संस्थापक पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह ने पुराना रक्षित केन्द्र कवर्धा स्थित फोर्स एकेडमी क्लास के सामने सभी प्रशिक्षणरत् युवाओं एवं जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण किया गया तथा प्रशिक्षणरत् युवाओं को पुलिस अधीक्षक ने वृक्षारोपण करने से हमारे पृथ्वी में जितने ज्यादा पेड़ पौधे होंगे उतनी ही धरती पर हरियाली और खुश्याली बानी रहती है, के संबंध में जानकारी दिया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, श्रीमती मोनिका सिंग परिहार, उप पुलिस अधीक्षक, के.के. वासनिक उप पुलिस अधीक्षक नक्सल, जगदीश उइके पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला, संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल, पंकज पटेल उप पुलिस अधीक्षक अजाक, जय सिंह मेरावी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, महेश्वर सिंह रक्षित निरीक्षक कवर्धा एवं फोर्स एकेडमी के ट्रेनर एवं प्रशिक्षणरत् युवा उपस्थित रहें।

हसदेव पर **AAP** की सियासी एंट्री

## प्रदेश प्रभारी संजीव झा बोले- छत्तीसगढ़िया नेताओं को छत्तीसगढ़ के जल-जंगल की चिंता नहीं, घेरेंगे मुख्यमंत्री निवास

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी हसदेव अरण्य मामले में बड़े विरोध प्रदर्शन की तैयारी में है। शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। संजीव ने हसदेव मामले का जिक्र करते हुए कहा कि कोयले के लिए यहां बड़े जंगल को उजाड़ने का काम हो रहा है। कांग्रेसी तो इससे पहले इसका विरोध करते थे। खुद को छत्तीसगढ़िया बताने वाले नेताओं को छत्तीसगढ़ के जल, जंगल और पेड़ों की चिंता नहीं है। इसे काटा जा रहा है। झा ने बताया कि अब इस मामले में आम आदमी पार्टी बड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रशासन से मांग की जाएगी कि हसदेव में जंगल को उजाड़ने का काम बंद किया जाए। शनिवार को इसे लेकर आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रही है। प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी के ये विरोध प्रदर्शन छत्तीसगढ़ में सियासी एंट्री का ट्रेलर भी माना जा रहा है। प्रदेशभर से आप कार्यकर्ताओं की रायपुर के मोतीबाग के पास जुटने की संभावना है संजीव झा ने कहा कि आम आदमी पार्टी उन लोगों के साथ है जो हसदेव में पिछले कई महीनों से आंदोलन कर रहे हैं, जंगलों को बचाने के लिए। खनन के नाम पर अगर छत्तीसगढ़ के जंगल उजाड़े गए और जंगल पेड़ काटे जाते हैं तो इससे यहां पर्यावरण संकट खड़ा होगा। झा ने कहा आम आदमी पार्टी अपने आंदोलनों के लिए पहचानी जाती है, अगर कटाई रोकी नहीं गई तो सड़कों पर उतरेंगे और तब तक डटे रहेंगे जब तक ये बंद न किया जाए।



### हसदेव मामले पर क्या कहते हैं मुख्यमंत्री

दो दिन पहले हसदेव अरण्य के जंगलों में परसा कोयला खदान की मंजूरी को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बड़ा बयान आया है। मुख्यमंत्री ने रायपुर में कहा, देश को बिजली चाहिए तो कोयले की जरूरत तो पड़ेगी। बस इसमें नियमों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत मुख्यमंत्री जमा करेंगे 2021-22 की पहली किश्त की राशि

जिले के 1.12 लाख किसानों के खातों में अंतरित होगी 67.58 करोड़ रूपए की राशि

**धमतरी** । प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल शनिवार 21 मई को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में प्रदेश के साथ-साथ जिले के किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान के भुगतान के उपरांत अंतरण राशि की पहली किश्त उनके खातों में जमा करेंगे। इसके तहत जिले के पंजीकृत एक लाख 12 हजार 227 किसानों के खातों में प्रथम किश्त के तौर पर 67 करोड़ 58 लाख 58 हजार रूपए का अंतरण किया जाएगा। इसी तरह राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत तीसरी किश्त तथा गोधन न्याय योजनांतर्गत हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि अंतरित की जाएगी। उक्त कार्यक्रम वर्चुअल रूप में आयोजित होगा। इस अवसर जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय विमल टॉकित में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन धमतरी से सम्मिलित होंगे। साथ ही सिहावा विधायक एवं उपाध्यक्ष मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण डॉ. लक्ष्मी ध्रुव उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। इसके अलावा विधायक कुरूद श्री अजय चन्द्राकर, धमतरी विधायक श्रीमती रंजना साहू, महापौर नगरपालिक निगम धमतरी श्री विजय देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, उपाध्यक्ष श्री नीशु चन्द्राकर और सभापति कृषि समिति श्रीमती तारिणी चन्द्राकर मौजूद रहेंगी।

छ.ग. खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री देवांगन होंगे जिले से शामिल

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत तीसरी किश्त भी जारी की जाएगी

इस संबंध में बताया गया है कि रायपुर से आयोजित कार्यक्रम में सुबह 11.30 बजे मुख्यमंत्री श्री बघेल तथा अन्य अतिथियों का आगमन होगा तथा इसका शुभारम्भ राजगीत गाकर किया जाएगा। तदुपरांत राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं गोधन न्याय योजना के संबंध में कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि का अंतरण प्रदेश सहित जिले के किसानों के बैंक खातों में वर्चुअल तौर पर किया जाएगा तथा इसके ठीक बाद गोधन न्याय योजना की राशि का अंतरण लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

## एक नजर

### यातायात पुलिस एवं हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा अभियान चलाकर आमजनों एवं वाहन चालकों को किया जा रहा है यातायात नियमों के प्रति जागरूक

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणीशंकर चन्द्रा , रक्षित निरीक्षक के.देव राजू के नेतृत्व में सुरक्षित यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस एवं हाईवे पेट्रोलिंग के द्वारा आवागमन करने वाले वाहन चालकों एवं आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत आज दिनांक 19.05.2022 को उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा के द्वारा अब तक हुई सड़क दुर्घटनाओं का अवलोकन कर दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों का विश्लेषण करते हुए दुर्घटना में कमी लाने एवं आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस एवं हाईवे पेट्रोलिंग 01, 02, 03 को यातायात जागरूकता अभियान के तहत टास्क दिया गया जिनके अनुरूप यातायात पुलिस सउनि अनिल केसरवानी , रामकृष्ण साहू , सुरेश नेताम , उमेश शुक्ला एवं यातायातकर्मी के द्वारा शहर के प्रमुख चौक चौराहों , एवं हाईवे पेट्रोलिंग 01 में तैनात कर्मचारी आर.दीपक भारती एवं चेतन कंवर के द्वारा ग्राम छाती , भांठागॉव , मरौद , कोड़बोड़ में एवं हाईवे पेट्रोलिंग 02 में तैनात कर्मचारी प्रआर.चमन ध्रुव, आर . नितेन्द्र पाण्डेय , नैनदास बांधे के द्वारा अछोटा , भोयना , मथुराडीही मोंड़ बनरौद मोंड़ , में व हाईवे पेट्रोलिंग 03 में तैनात कर्मचारी आर . ब्रम्हानंद कुजांम , दीपक लहरे के द्वारा भेंड़सर मोड़ , भखारा के पास दोपहिया वाहन चालकों को रोड के किनारे चलने , बीच रोड में नहीं चलने , तीन सवारी नही चलने , 60 से अधिक गति में कभी नही चलने , शराब पीकर वाहन चालन नहीं करने , कार या बड़ी वाहन हाईवा , ट्रक , बस टाटा 407 जैसी वाहनों को ओव्हरटेक नही करने , मोबाईल से बात करते वाहन नही चलाने , वाहन चालन के दौरान ब्लूटुथ / ईयरफोन से गाना नही सुनने , हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने समझाईश दिया गया ।

यह जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेगी । यातायात पुलिस आमजनों एवं वाहन चालकों से अपील करती है की यातायात पुलिस , हाईवे पेट्रोलिंग के द्वारा बताये जा रहे यातायात नियमों का पालन करते सुरक्षित सफर करें , अपने और अपनों का ध्यान रखे ।

### एटीएम मशीन तोड़ा, पैसे निकलता इसके पूर्व पहुंच गई पुलिस धर दबोचा, आरोपी पंकज राजपूत को

**कवर्धा** । थाना में दिनांक 19.05.2022 को प्रार्थी इमरान मेमन पिता अब्दूल रज्जाक द्वारा सूचना दी गई कि उसके घर के सामने लगे इंडिया वन एटीएम मशीन मे कोई अज्ञात व्यक्ति काफी देर से घुसा हुआ है जिसकी गतिविधिया संदिध्द लग रही है।

सूचना पर तत्काल थाना पेटोलिग टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति एटीएम के अंदर लगे मशीन को चोरी करने के नियत से तोडफोड कर रहा था, जिसे मौके पर हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम पंकज राजपूत साकिन सहसपुर का होना बताया और एटीएम के पैसे चोरी करने के नियत से एटीएम मे तोडफोड करना बताये लिहाजा आरोपी के विरूद्व अपराध क्रमांक 156/2022 धारा 379,511,427 भादवि पंजीबद्व कर आरोपी को विधिसंगत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। थाना सहस पुर लोहारा क्षेत्र के आमजन की सर्तकता एंव लोहारा पुलिस के त्वरित कार्यवाही से गंभीर अपराध घटित करने से पहले ही आरोपी को रंगे हाथ पकडा गया । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी के नेतृत्व मे उप0 निरी0 डोमार साहू, सउनि सुनिल यादव, प्रआर लक्ष्मीनारायण, आर0 राजू सोनवानी का सराहनीय योगदान रहा।

### मुर्गा खाने को चाचा-भतीजा में हुआ विवाद, मामला पहुंचा थाने

**बिलासपुर** । शहर के कोनी क्षेत्र के निरतू में मेहमानों के साथ मुर्गा नहीं खिलाने पर भतीजे ने चाचा के सिर में ईंट से वार कर दिया। इससे घायल चाचा ने घटना की शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कोनी क्षेत्र के निरतू में रहने वाले ओमप्रकाश सूर्यवंशी पालिटेक्निक कालेज में चौकीदार हैं। गुरुवार की सुबह उनकी बहन और रिश्तेदार आए थे। ओमप्रकाश ने उनके लिए मुर्गा खरीदकर घर पहुंचा दिया। वहीं, दोस्तों के लिए अलग से मुर्गा खरीदकर पड़ोसी के घर देने के लिए जा रहे थे। दोपहर एक बजे वे मुर्गा लेकर घर से निकले। बाहर में उनका भतीजा वनकुमार सूर्यवंशी खड़ा था। उसने अपने चाचा को मुर्गा खिलाने के लिए कहा। मना करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए ईंट उठाकर अपने चाचा के सिर में मार दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद घायल ने घटना की शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

बदमाशों ने वृद्धा को ठगा

## बिलासपुर में युवक बोले- पति की मौत का ढाई लाख मुआवजा मिलेगा, गहने-रुपए लेकर फरार

बिलासपुर/ तखतपुर। बिलासपुर में दो बदमाशों ने मिलकर वृद्ध महिला से 1500 रुपए और गहने ठग लिए। दरअसल, वृद्ध महिला इलाज कराने अस्पताल गई थी।



लौटते समय वह पेड़ की छांव में बैठी थी, तभी बाइक सवार दो लोग आए और उन्हें उसकी पति की मौत के बाद ढाई लाख रुपए मिलने का झांसा दिया और उससे ठगी कर भाग निकले। महिला के पति की मौत हो चुकी है। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना तखतपुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार तखतपुर के देवांगन मोहल्ला निवासी सुरुज बाई देवांगन (70 साल) शुक्रवार को दोपहर अपनी आंख का इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गई थी। अस्पताल से इलाज कराकर वह घर लौट रही थी। दोपहर करीब एक बजे रास्ते में लौटते समय चिलचिलाती धूप में वह पेड़ के नीचे बैठी थी। तभी बाइक सवार दो युवक उसके पास आए। दोनों ने उन्हें बताया कि वह उनके मोहल्ले के रहने वाले हैं। उसके पति की मौत के बाद शासन से उसे ढाई लाख रुपए मिलने वाला है। महिला उसकी बातों में आ गई और पूछताछ करने लगी। उसके पति की मौत हो चुकी है, इसलिए वह झांसे में आ गई।

### खर्च के लिए मांगे रुपए और उतरवा लिए गहने

TI मोहन भारद्वाज ने बताया कि वृद्ध महिला से दोनों लोगों ने रुपए दिलाने का झांसा दिया। महिला उनसे पूछताछ करने लगी। तब बताया कि बैंक में ढाई लाख रुपए आया है, जिसे निकलवाने के लिए दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ेगी। इसके लिए सात-आठ हजार रुपए खर्च करने होंगे। दोनों ठग महिला को अपने साथ तहसील ऑफिस के पास ले गए। इस दौरान उससे 15 सौ रुपए और चांदी के गहनों को उतरवा लिए। फिर पटवारी से मिलने की बात कहते हुए महिला को बाहर छोड़कर चले गए। इसके बाद दोनों वापस नहीं आए। तब महिला को ठगी का पता चला। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

मच्छरों को पालने वाला अनूठा लैबऱ्यहां दवा

## असर और कारण पर करते हैं रिसर्च, उद्देश्य-मलेरिया को खत्म करना

रायपुर। मलेरिया की बीमारी हमेशा के लिए खत्म करने वैज्ञानिक, शोधकर्ता, तकनीशियन काम कर रहे हैं। रायपुर के लालपुर इलाके में आईसीएमआर से जुड़े नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मलेरिया रिसर्च यानी एनआईएमआर की एक अनूठी लैब है। इस लैब में बस्तर समेत प्रदेश और अन्य राज्यों से मच्छर पकड़कर लाए जाते हैं।



इसके बाद वैज्ञानिक मच्छरों की प्रजातियां, उन पर किन दवाइयों का असर हो रहा है, मलेरिया को कैसे कंट्रोल कर सकते हैं, ऐसे तमाम पहलुओं पर व्यापक रिसर्च की जाती है। पहली बार भास्कर की टीम इस लैब में पहुंची।

### प्रयोग के लिए मच्छरदानी के अंदर रखते हैं मच्छर

लैब के इंसेक्ट रूम में भास्कर टीम पहुंची। यहां छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाली मच्छरों की दो प्रमुख प्रजातियां एनाफिलिज क्युलिसिफासिज और एनाफिलिज स्टीफेंसी की कॉलोनियां रैक में दिखी। एक कॉलोनी में हजारों मच्छर रहते हैं, जिन पर वैज्ञानिक लगातार रिसर्च करते हैं।

मच्छर वयस्क और लार्वा दोनों ही रूप में रखे जाते हैं। बड़े आकार के मच्छर जहां साधारण आंखों से दिखाई देते हैं, वहीं बहुत छोटे मच्छर नजर नहीं आते हैं। मच्छरदानी में उन दवाओं का लेप लगाया जाता है।

जिन पर रिसर्च की जाती है। दरअसल, इसके जरिए ये देखा जाता है मलेरिया या मच्छर नाशक दवाओं का असर इन मच्छरों पर कितना हो रहा है। अगर दवाएं असर नहीं कर रही है तो उसका विकल्प क्या हो सकता है। मच्छर की आबादी किस दर से बढ़ रही है, यह भी देखा जाता है।

एक मच्छर सामान्य रूप से 100 से अधिक अंडे दे सकता है। यहां काम कर रहे टेक्नीशियन ने बताया कि मच्छर पनप सके इसलिए उन्हें पानी में रखा जाता है। वहीं मच्छरों को पालने के लिए खरगोश का खून खुराक के तौर पर दिया जाता है। इसके लिए खरगोश किराए पर लिए जाते हैं, उनमें से थोड़ी मात्रा में खून निकाला जाता है। फिर ये प्रयोग किया जाता है।

# संकीर्णता छोड़ सर्व समाज हेतु कार्य करना ही लक्ष्य- रामचन्द्र

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ विप्र फ ाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा प्रदेश के दौरे पर कई जिलों से होते हुए महासमुंद जिले पहुंचे जहां महासमुंद चौक पर, पिथौरा ब्लाक एवं सरायपाली में जोरदार स्वागत किया गया।

महासमुंद जिले के जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि महासमुंद आगमन पर तुमगांव के पास अशोक शर्मा एवं आलोक शर्मा द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उसके बाद पिथौरा में विप्र फाउंडेशन के सक्रिय साथी भाई गोविंद शर्मा एवं गौड़ ब्राह्मण समाज पिथोरा के अध्यक्ष एल्डरमैन काशीराम शर्मा जी ब्राह्मण समाज के संरक्षक सतीश शर्मा युवा नेता सांसद प्रतिनिधि आशीष शर्मा ने आत्मीय स्वागत करते हुए अपने जिम्मेदारियों को पूर्ण कर्तब्यनिष्ठा से निभाने का वादा किया। सराईपाली पहुंचने पर बस स्टेंड में गौड़ ब्राह्मण समाज सरायपाली के अध्यक्ष तथा वीसीसीआई के प्रदेश महामंत्री संजय शर्मा सक्रिय पदाधिकारी साथी मोहन शर्मा कोषाध्यक्ष शंकर शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमेश शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारीगण, तरुण शर्मा दिलीप शर्मा, प्रशांत शर्माए अमित शर्मा, पप्पू शर्मा, बजरंग शर्माए सुनील शर्मा, जितेंद्र शर्मा एवं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। वरिष्ठ साथी गण भाई संजय शर्मा मोहन शर्मा शंकर शर्मा एवं युवाओं ने बताया कि विप्र फ ाउंडेशन छत्तीसगढ़ के आव्हान पर सक्रिय समाजसेवी तथा विप्र फाउंडेशन के



नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में सफ ल रक्तदान शिविर का आयोजन युवा प्रकोष्ठ महिला प्रकोष्ठ ने वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में 1 मई को किया है। आगे भी सब मिलकर सामाजिक उन्नति एवं अन्य सामाजिक कार्य करते रहेंगे। अशोक शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारीगण के सहयोग से जिले में विप्र फ ाउंडेशन एक नई पहचान बनाएगा। सभी ने बताया कि यहां समाज एकजुट होकर कार्य करता है। समाज में बुजुर्गों के सामूहिक प्रयास से गीता भवन बना है। वीसीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम शर्मा ने भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने सबको संबोधित करते हुए सफल रक्तदान शिविर के लिए बधाई दिया। तथा आव्हान किया कि सरायपाली की एकता तथा रचनात्मक कार्यों से पूरे प्रदेश को प्रेरणा मिले। लगातार ऐसा कार्य करना है।

विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा ने मीटिंग के दौरान अपने मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में कहा कि संस्थापक, संयोजक सुशील ओझा, राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण शर्मा प्रदेश प्रभारी चरण शर्मा के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से पदाधिकारी पूरे प्रदेश में निर्धन कन्या विवाह, समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा अध्ययन उद्यम रोजगार सामाजिक सुधार कार्यक्रम आदि अनेक गतिविधियों को सभी के सहयोग से आगे बढ़ाना मेरी प्राथमिकता होगी। संकीर्णता की भावना को छोड़कर व्यापक सोच के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। आशा है जिले को आप सभी के सहयोग से नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक शर्मा एक नई पहचान देंगे। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सक्रिय प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा के प्रदेश व्यापी दौरे की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह से आपके द्वारा जिलों का दौरा करते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा हैएवह प्रेरणादायक है। हम हमेशा आपके साथ खड़े रहेंगे। प्रथम नगर आगमन पर सभी ने खुशी जाहिर करते हुए भविष्य में बेहतर कार्य करने की उम्मीद जताई।

## एक नजर

### स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति हेतु 27 मई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय योजनान्तर्गत संचालित विद्यालयों में हिन्दी माध्यम के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति की जानी है। जिसके लिए शासकीय विद्यालयों में कार्यरत व्याख्याता/शिक्षक/कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदक अपना आवेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ के सेजस खण्ड में 27 मई 2022 तक कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते है। प्रतिनियुक्ति हेतु चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। साक्षात्कार तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

#### रिक्त पदों की जानकारी

व्याख्याता-हिन्दी के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़, नटवर रायगढ़, सारंगढ़, लैलूंगा, बरमकेला, धरमजयगढ़ में एक-एक पद एवं तमनार में 2 पद रिक्त है। इसी तरह व्याख्याता अंग्रेजी के लिए नटवर रायगढ़, बरमकेला, लैलूंगा, घरघोड़ा व धरमजयगढ़ में एक-एक पद, व्याख्याता-संस्कृत के लिए नटवर रायगढ़, सारंगढ़, तमनार एवं धरमजयगढ़ में एक-एक पद, व्याख्याता-भौतिकी के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़ में एक पद, व्याख्याता जीव विज्ञान के लिए लैलूंगा व धरमजयगढ़ में एक-एक पद, व्याख्याता रसायन के लिए घरघोड़ा व धरमजयगढ़ में एक-एक पद, व्याख्याता राजनीति के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़, बरमकेला, सारंगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा व धरमजयगढ़ में एक-एक पद, व्याख्याता कला कला के लिए नटवर स्कूल रायगढ़ में दो पद, व्याख्याता वाणिज्य के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़, नटवर में एक-एक पद, शिक्षक-कृषि विषय के लिए घरघोड़ा व लैलूंगा में एक-एक पद, प्रधान पाठक पू.मा.शा एवं प्रधान पाठक प्रा.शा.अंग्रेजी माध्यम के लिए तमनार एवं पुसौर में, व्यायाम शिक्षक के लिए पुसौर, बरमकेला, खरसिया एवं लैलूंगा, ग्रंथपाल के लिए पुसौर, बरमकेला, सारंगढ़ व धरमजयगढ़, कम्प्यूटर शिक्षक-खरसिया एवं धरमजयगढ़, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़, पुसौर, खरसिया एवं लैलूंगा, सहायक ग्रेड-2 व 3 के लिए सारंगढ़ में दो, तमनार में दो एवं लैलूंगा में एक, भृत्य के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़ में 3, नटवर रायगढ़ में 2, सारंगढ़ में 3, तमनार में 2, घरघोड़ा में 2, लैलूंगा में 3 एवं धरमजयगढ़ में 2 पद रिक्त है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर सकते है।

### आतंकवाद विरोधी दिवस पर विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली शपथ

**राजनांदगांव ।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र के पार्रीनला स्थित क्षेत्रीय प्रषासनिक भवन के प्रांगण में ''आतंकवाद विरोधी दिवस'' पर विद्युत विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आतंक एवं हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ''आतंकवाद विरोधी दिवस'' की षपथ दिलाई। मुख्य अभियंता सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हुए आतंकवाद एवं हिंसा का विरोध करने तथा मानव जाति के सभी वर्गों के बीच षांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करते हुए मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुँचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ ली गई। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंताद्वय रंजीत घोश, एस.के. खरे, स्टॉफ आँफिसर के.के. देवांगन, प्रषासनिक अधिकारी नीरज देवांगन, बी.एस. टेकाम, सहायक प्रकाषन अधिकारी डी.एस. मंडावी, सहायक विधि अधिकारी पूजा ग्वालवंषी, निज सहायक एस.के. बख्षी, अनुभाग अधिकारी आर.आर. सेन, एन.के. षुक्ला, ष्याम देवांगन, एस.के. मरठा, श्रीमती सरस्वती अय्यर, प्रकाष सोनटापर, अनिल मिंज, डी.दिलेष्वर राव, रामकुमार धरमगुड़े श्रीमती पीलाबाई साहू सहित अन्य कर्मचारियों उपस्थित हुए।

### भूमिका ने 10 वीं में 88.67प्रतिशत प्राप्त किया

**नगरी ।** सरस्वती शिशु मंदिर नगरी में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत कुमारी भूमिका साहू पिता मोहन लाल साहू ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2022 में 88.67त्न अंक अर्जित कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त की है। उनकी इस सफलता पर शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी गण जीवन नाहटा, उत्तम गोलछा कमल डागा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रफुल्ल चन्द्र साहू, विद्यालय के शिक्षक हेमंत चौरसिया, दिलीप कुमार साहू, पिप्लाद साहू, टाकेश मरकाम, शशि सिन्हा, सारिका यादव तथा विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पहली किस्त की राशि का करेंगे अंतरण आज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मई को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत प्रदेश के किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए प्रथम किश्त की राशि मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल अंतरण करेंगे। इसके साथ ही राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं गोधन न्याय योजना के लाभांवित हितग्राहियों को भी राशि का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर उच्च शिक्षामंत्री श्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय




ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री बघेल जिला स्तरीय कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे और किसानों के खातों में प्रथम किश्त की राशि का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद गोमती साय, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक लैलूंगाचक्रधर सिंह सिदार, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े, महापौर श्रीमती जानकी काटजू एवं जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल होंगे।

#### 01 लाख 8 हजार 106 किसानों को पहली किस्त में मिलेंगे 97 करोड़ रूपए

21 मई 2022 को राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले में धान उपार्जन वर्ष 2021-22 में धान विक्रय करने वाले कुल 01 लाख 8 हजार 106 किसानों को प्रथम किश्त 97 करोड़ रूपए प्रदाय की जाएगी।

## सुदूर वनांचल ग्रामों में संगवारी पुलिस चलित थाना आयोजित

**कोरबा ।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के निर्देशन में संगवारी पुलिस चलित थाना का सुदूर वनांचल पहुंच विहीन ग्राम, सखोदा, जहां पगडंडी रास्ता है आम जनता को आने जाने में काफी कठिनाई है एवं असुविधा होती है ऐसे बीहड़ ग्राम में पहुंच कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी देने कहने पर उपस्थित महिला एवं पुरुष एवं बच्चे करीबन 50 की संख्या में आए ग्रामीणों द्वारा पुलिस विभाग से किसी प्रकार की समस्या एवं शिकायत नहीं होना जाहिर किए तथा अपने ग्राम से मुख्य मार्ग एवं अन्य मार्ग तक पहुंच के लिए करीबन 6 किलोमीटर को एप्रोच रोड या सीसी रोड निर्माण हो सकने के संबंध में अवगत कराया गया। जिन्हें संबंधित विभाग को नियमानुसार अवगत कराने उनको समझाइस दिया गया। ग्रामीणों के द्वारा अपने गांव को नशा मुक्त ग्राम बनाने के लिए एक स्वर से सहमत हुए है तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस द्वारा अपनी समय समय पर सहयोग करने का एकमत होकर अपना पक्ष रखें। ग्रामीणों के द्वारा थाना प्रभारी के स्वता ग्राम में आगमन से बहुत प्रसन्न हुए एवं इस प्रकार के आयोजन के लिए अपने वरिष्ठ अधिकारियों को आभार व्यक्त किए ग्राम वासियों के द्वारा किसी प्रकार की समस्या नहीं होना बताएं।

# प्रोबेशनर आई.ए.एस. हुए छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग की प्रक्रियाओं से परिचित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडेर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (2020) बैच के प्रोबेशनर अधिकारियों को आज छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग कार्यालय के सभागार में मुख्य सूचना आयुक्त श्री एम.के. राउत ने प्रोबेशनर आई ए एस अधिकारियों को बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील और शिकायत के प्रकरणों की सुनवाई वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों के द्वारा की जा रही है। श्री राउत ने प्रोबेशनर अधिकारियों से कहा कि शासकीय कार्यों,




दस्तावेजों और कार्यक्रमों को विभागीय वेबसाईट में प्रदर्शित किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन लगाने की जरूरत ही ना पड़े।

श्री राउत ने बताया कि लोकतांत्रिक शासन में सरकार और सरकारी मशीनरी जनता के प्रति जबाबदेह हो तथा सरकारी मशीनरी के क्रियान्वयन में पारदर्शिता हो। इसीलिए सूचना का अधिकार अधिनियम के माध्यम से ऐसी व्यवस्था की गई है जिसके अंतर्गत कोई भी नागरिक लोक प्राधिकारी के कार्यकलापों के संबंध में सूचना प्राप्त कर सकता। लोक प्राधिकारी की परिभाषा इस प्रकार की है, जिससे न केवल प्रशासनिक तंत्र के संबंध में कोई भी नागरिक जानकारी प्राप्त कर सकता है। बल्कि उन सभी स्वशासी निकायों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकता है जो लोक प्राधिकारी से नियंत्रित होते हैं या केन्द्र अथवा राज्य शासन से दो लाख या उससे अधिक वित्तीय सहायता प्राप्त करते हैं। अधिनियम में यह व्यवस्था भी की गई है कि यदि लोक सूचना अधिकारी द्वारा संबंधित आवेदक को समय पर सूचना उपलब्ध नहीं कराई जाती, तो ऐसे अधिकारियों को राज्य सूचना आयोग द्वारा दण्डित किया जाता है। मुख्य सूचना आयुक्त ने सूचना का अधिकार अधिनियम की धाराओं की विस्तृत जानकारी पावर पाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से दी । मुख्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन के आवेदक को समय-सीमा के भीतर चाही गई जानकारी का जवाब अवश्य दें और सशुल्क जानकारी देने की स्थिति पर शुल्क की गणना भी आवेदक को दी जाए और आवेदक द्वारा शुल्क जमा करने के पश्चात् ही वांछित जानकारी की फोटोकॉपी उपलब्ध कराई जाती है। आवेदक को जानकारी देते समय जनसूचना अधिकारी का नाम, पदनाम का भी स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए। उन्होंने अपील और शिकायत के आवेदनों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनसूचना अधिकारी के द्वारा समय सीमा में आवेदक को जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर सूचना आयोग, जनसूचना अधिकारी को दण्डित कर सकता है।

मर्दापाल में पहली पीढ़ी के डेयरी उद्यमी हो रहे तैयार

## अर्जुन बघेल ने सरकारी मदद से कुरुसनार में तैयार की डेयरी यूनिट




रायपुर। बस्तर का इलाका हमेशा से दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में पीछे रहा है क्योंकि यहां पर दूध के लिए गोपालन की परंपरा नहीं है। राज्य शासन ने डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय किसानों को प्रोत्साहित किया।

इसका परिणाम दिखना शुरू हुआ है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी उद्यमी तैयार होने आरंभ हो गए हैं।

कुरूसनार के अर्जुन बघेल ऐसे ही एक उद्यमी हैं। उन्होंने इंग्लैंड की सबसे चर्चित प्रजाति क्रॉस एचएफ गाय डेयरी उद्यमिता योजना के अंतर्गत ली है। उन्हें एक लाख 40 हजार रुपये में यह गाय मिली। इसके लिए शासन की ओर से उन्हें 92 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ।

अर्जुन बघेल अब डेयरी का दूध मर्दापाल में बेच रहे हैं। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को बताया कि खेती-किसानी के अतिरिक्त अब पशुपालन भी मेरे लिए आय का माध्यम साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि डेयरी उद्यमिता योजना के माध्यम से उन्हें जो लाभ हुआ है, उससे प्राप्त आय से वे उद्यम का विस्तार करेंगे।

# मितान बन कलेक्टर भीम सिंह पहुंचे श्री भीमराव यादव के घर, सौंपा बिटिया का जन्म प्रमाण पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आज मितान बन कलेक्टर भीम सिंह सोनुमुड़ा रायगढ़ निवासी भीम राव यादव के घर पहुंचे। यहां उन्होंने यादव की नवजात बिटिया का जन्म प्रमाण पत्र माता विजय लक्ष्मी यादव को सौंपा। सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा व जॉइंट कलेक्टर राजीव पांडेय, नगर निगम उपायुक्त सुतीक्षण यादव भी उपस्थित रहे।



कलेक्टर भीम सिंह ने इस मौके पर यादव दंपत्ति को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व व नगर निगम के तहत मिलने वाली विभिन्न सेवाओं का घर पहुंच लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ लेने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि भीम राव यादव ने अपनी बिटिया का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना का लाभ लिया है। उन्होंने 16 मई को टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर अपनी बिटिया चेतना यादव के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अपॉइंटमेंट लिया। मितान ने उनके घर जाकर सारे दस्तावेज एकत्र किए और आज 20 मई को उनकी बेटी का जन्म प्रमाण पत्र उन्हें उनके घर पहुंचा कर दिया गया। इस योजना के माध्यम से प्रमाण पत्र लेने के लिए उन्हें कहीं किसी कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। सिर्फ एक कॉल करने और जानकारी लेने आए मितान को प्रमाण पत्र निर्माण के लिए आवश्यक सारे जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करवा कर श्री यादव ने घर बैठे ही अपनी बिटिया का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया।

भीमराव यादव ने योजना को लोगों के लिए बेहद सुविधाजनक व समय और मेहनत बचाने वाला कदम बताया है। उन्होंने योजना की सराहना करते हुए कहा कि जिन कामों के लिए पहले कार्यालय आना जाना पड़ता था, वह अब घर बैठे हो जा रहा है। उन्होंने दूसरे लोगों से भी योजना का लाभ लेने की अपील की है।

मुख्यमंत्री मितान योजना से जनसामान्य को अन्य कार्यो को छोड़कर दस्तावेज बनाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति मिल रही है। इस योजना के अन्तर्गत सेवाओं के लिए मितान टोल फ्री नंबर 14545 एक कॉल करने पर मितान घर पहुंच रहे है। सेवाएं प्राप्त करने वाले व्यक्ति की जरूरी दस्तावेजों का स्कैन कर एवं दस्तावेज बनाने उपरांत मितान द्वारा उसे घर पहुंचाया जा रहा है। मितान योजना की सारी प्रक्रिया डिजीटल है।

#### ये प्रमाण पत्र घर बैठे मिलेंगे

मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत लोगों को मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, दस्तावेज की नकल, गैर-डिजिटाइज्ड (भूमि रिकॉर्ड आदि की प्रति) मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण-पत्र सुधार आदि नागरिक सेवाएं घर बैठे मिलेंगी।

#### इस टोल फ्री नंबर पर करना होगा फोन

मुख्यमंत्री मितान योजना के जरिए शासकीय सेवाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को मितान टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल करना होगा। फोन कॉल के बाद मितान उनके घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज लेंगे और संबंधित कार्यालय से प्रमाण पत्र बनवाकर उनके घर पहुंचाएंगे, कॉल सेंटर पर नागरिकों को शासकीय सेवाओं से संबंधित प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी प्राप्त होगी। नागरिकों को निर्धारित समय में शासकीय सेवाएं मिलेंगी, उनके समय की बचत होगी और उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in